
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी




सनातन संस्कृति का महापर्व....... प्रयागराज महाकुंभ......

वर्ष : 11 | अंक : 27 | लखनऊ, 13 जनवरी ,सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी ने किया भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है।

विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है ! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा, जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 कार्यक्रम में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद भी किया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश के नौजवानों के साथ परम मित्र वाला नाता है और मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी होती है विश्वास। उन्होंने कहा, मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे माय भारत के गठन की प्रेरणा दी। इसी विश्वास ने विकसित भारत युवा नेता संवाद का आधार बनाया। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, जो आंकड़ों का जोड़ भाग करते रहते हैं, उनको लगता होगा कि यह सब बहुत मुश्किल है लेकिन मेरी आत्मा कहती है, आप सबके भरोसे से कहती है- लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन असंभव नहीं है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा हैं और आज भी युवा मन में जुनून और उद्देश्य की भावना प्रज्वलित करते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी आज इस अवसर पर विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद करेंगे।

## महाकुम्भ स्नान पर्व से पहले 25 लाख लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी



संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, महाकुम्भ के स्नान पर्व से दो दिन पहले ही शनिवार को करीब 25 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुबह घने कोहरे के बावजूद सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम मेला क्षेत्र की तरफ जाता दिखा। महाकुम्भ का स्नान 13 जनवरी से शुरू हो रहा है और अगला स्नान पर्व 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर है। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, करीब 25 लाख लोगों ने शनिवार को गंगा और संगम में डुबकी लगाई। पूरे मेला क्षेत्र में एआई सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सही संख्या का पता लगाना आसान है। पिछले कुम्भ (2019) में पूरी मेला अवधि में 25 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था और सरकार को महाकुम्भ में यह आंकड़ा 45 करोड़ को पार कर जाने की संभावना है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c
न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 81,526.14
निफटी 24,641.80

## स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया: राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण व मानवता की सेवा के लिए प्रेरित किया। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी विरासत दुनिया भर में अनगिनत लोगों को प्रेरित करती रही है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था।

राष्ट्रपति ने कहा, मैं स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देती हूं। स्वामीजी भारत के महान आध्यात्मिक संदेश को पश्चिमी दुनिया तक ले गए। उन्होंने भारत के लोगों में एक नया आत्मविश्वास भरा। मुर्मू कहा कि उन्होंने युवाओं को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने, राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# कोयला खदान में बचाव अभियान सातवें दिन भी जारी, मृतकों की संख्या चार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



गुवाहाटी , असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के खान एवं खनिज मंत्री कौशिक राय ने बताया कि खदान से पानी निकालने का काम जारी है और उम्मीद है कि यह प्रक्रिया जल्द ही अंतिम चरण में पहुंच जाएगी।

गुवाहाटी से लगभग 250 किलोमीटर दूर उमरंगसो क्षेत्र में स्थित कोयला खदान में छह जनवरी को अचानक पानी भर जाने से कुल नौ मजदूर फंस गए थे। इनमें से अब तक चार मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। पहला शव बुधवार को बरामद किया गया जबकि तीन अन्य शव शनिवार को निकाले गए। एनडीआरएफ टीम के कमांडर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि जलमग्न खदान से पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है और जलस्तर घट रहा है। उन्होंने बताया, आज बचाव अभियान का सातवां दिन है और अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं। पानी निकालने का काम जारी है और जलस्तर घट रहा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सेना और नौसेना कर्मियों समेत कई एजेंसियां अभियान में जुटी हैं तथाड्रोन तैनात किए गए हैं। राय ने शनिवार को घटनास्थल पर जारी अभियान निरीक्षण किया और कहा कि अगले 36 घंटे में जल निकासी का अंतिम चरण पूरा हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, पानी निकालने का काम जारी है। अगले 36 घंटे में हम अभियान के अंतिम चरण में पहुंचने की उम्मीद करते हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि यह खदान 12 साल पहले बंद कर दी गई थी और तीन साल पहले तक यह असम खनिज विकास निगम के अधीन थी। खनिकों के मुखिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

### ठाणे में एक इमारत में आग लगने के बाद 250 निवासियों को निकाला गया, कोई हताहत नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के ठाणे शहर में रविवार सुबह पांच मंजिला इमारत में आग लगने के बाद करीब 250 निवासियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि श्रीनगर के वागले एस्टेट इलाके में स्थित इमारत के भूतल पर कपड़े धोने की एक दुकान में सुबह करीब पांच बजे आग लग गई, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकल कर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ टीम के सदस्य आग बुझाने के अभियान के लिए घटनास्थल पर पहुंचे और इमारत में रहने वालों को बाहर निकाला। अधिकारी ने कहा कि लगभग एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया ।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

बीजापुर , छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल रोधी अभियान पर निकली थी तभी मद्देड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि अभियान में जिला रिजर्व गार्ड, विशेष कार्य बल और जिला बल के जवान शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि रुक-रुक कर गोलीबारी अब भी जारी है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

## झारखंड में सुरक्षाकर्मियों ने जंगल से तीन आईईडी बरामद किए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

सिंहभूम, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक जंगल से सुरक्षाकर्मियों ने तीन संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये आईईडी नक्सल विरोधी अभियान में जुटे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए थे। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि शनिवार को तलाशी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस के जवानों ने नक्सल प्रभावित जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोवाबेरा गांव के पास जंगल में लगाए गए विस्फोटकों का पता लगाया। उन्होंने बताया कि पांच-पांच किलोग्राम वजनी आईईडी को बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। जिले के कोल्हन क्षेत्र में मिसिर बेसरा समेत शीर्ष माओवादी नेताओं की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस पिछले कई महीनों से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही है। बेसरा पर एक करोड़ रुपये का इनाम है।

## आतिशी ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए चंदा अभियान शुरू किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी से आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार आतिशी ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए रविवार को चंदा अभियान शुरू किया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोग उनकी पार्टी की काम और ईमानदारी की राजनीति का समर्थन करेंगे।

आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंदे के लिए एक ऑनलाइन लिंक जारी किया और कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप ने हमेशा आम आदमी के छोटे-छोटे दान की मदद से चुनाव लड़ा है, जिससे उसे काम और ईमानदारी की राजनीति करने में मदद मिली है। दिसंबर में आप के वरिष्ठ नेता और जंगपुरा से पार्टी उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने एक क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म शुरू कर प्रचार अभियान के लिए लोगों से वित्तीय मदद मांगी थी। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और परिणाम आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

## कौशांबी में एक अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौत, एक घायल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

कौशांबी , कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने से उसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोखराज के थाना प्रभारी सी. बी. मौर्य ने बताया कि देहदानी रमाशंकर केसरवानी नगर का निवासी धीरज कुशवाहा (31) अपने दो साथियों मनीष (26) और संजय (25) के साथ शनिवार को अपनी ऑल्टो कार से वाराणसी गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात लगभग तीन बजे वाराणसी से घर वापस लौटते समय कोखराज थाना के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई, जिसकी वजह से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि कार धीरज चला रहा था। मौर्य ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने धीरज तथा मनीष को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल संजय का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिल्ली में सत्ता में आने पर भाजपा सभी झुग्गी-बस्तियां ध्वस्त कर देगी : केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह दिल्ली की सभी झुग्गी-बस्तियों को ध्वस्त कर देगी। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने यहां शकूर बस्ती क्षेत्र में एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झुग्गीवासियों के कल्याण की बजाय भूमि अधिग्रहण को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, वे पहले आपके वोट चाहते हैं और चुनाव के बाद आपकी जमीन। उन्होंने भाजपा की जहां झुग्गी वहां मकान योजना की भी आलोचना की और इसे दिखावा बताया। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, पिछले पांच वर्षों में उन्होंने (भाजपा) झुग्गीवासियों के लिए केवल 4,700 फ्लैटों का निर्माण किया है। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की योजना झुग्गीवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा किए बिना उनके कब्जे वाली जमीन पर कब्जा करने की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, वे (भाजपा) सभी झुग्गी-झोपड़ियों को ध्वस्त कर देंगे और वहां रहने वाले लोगों की कोई चिंता किए बिना जमीन का अधिग्रहण कर लेंगे। केजरीवाल के साथ आप के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन भी थे, जो शकूर बस्ती निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हैं। जैन 2013, 2015 और 2020 में जीतने के बाद चौथी बार इस सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

## प्रियंका गांधी को कहा जाता है सियासत की नई आयरन लेडी

**16 साल की उम्र में दिया था पहला भाषण**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आज यानी की 12 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की नेता प्रियंका गांधी अपना 53वां जन्मदिन मना रही हैं। बीतते समय के साथ लोगों को प्रियंका में 'आयरन लेडी' का अक्स दिखने लगा। वह वर्तमान समय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। उन्होंने महज 16 साल की उम्र में पहला भाषण दिया था। उनको अपनी दादी इंदिरा गांधी, पिता राजीव गांधी और मां सोनिया गांधी से राजनीति विरासत में मिली थी। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर प्रियंका गांधी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

नई दिल्ली में 12 जनवरी 1972 को प्रियंका गांधी का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम राजीव गांधी और मां का नाम सोनिया गांधी था। प्रियंका गांधी की तुलना उनकी दादी और देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ की जाती है। प्रियंका गांधी एक प्रभावशाली और करिश्माई हस्ती हैं। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा नई दिल्ली के मॉर्डन स्कूल से की। फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी से मनोविज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल की। प्रियंका की शिक्षा ने उनको सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को समझने की गहरी दृष्टि दी।

### जनता से जुड़ने की कला में माहिर हैं प्रियंका

प्रियंका गांधी में अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह जनता से जुड़ाव की कला है। इसके अलावा उनको राजनीतिक व कूटनीतिक कौशल भी बखूबी आता है। जब भी कांग्रेस पार्टी पर राजनीतिक संकट गहराता है, तो प्रियंका गांधी हर मोर्चे पर खड़ी नजर आती हैं। फिर चाहे वह हिमाचल में विधायकों की नाराजगी की वजह से अस्थिर हुई सरकार को सेटल करना हो या गांधी परिवार के खिलाफ बने जी20 ग्रुप को खत्म करना हो। प्रियंका गांधी हर एक राजनीतिक मुद्दे को सुलझाना बखूबी जानती हैं।

### राजनीतिक सफर और सफलता

औपचारिक रूप से प्रियंका गांधी ने राजनीति में देर से कदम रखा। लेकिन वह लंबे समय से पार्टी की रीढ़ मानी जाती रही हैं। खासकर यूपी, अमेठी और रायबरेली में। वह हमेशा से कांग्रेस के लिए प्रचार करती आई हैं। प्रियंका गांधी के भाषणों की सहजता और जनता से जुड़ने की उनकी कला ने उन्हें पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं के बीच लोकप्रिय बनाया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका को कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया। इसके साथ ही उनको पूर्वी उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई। कांग्रेस पार्टी के लिए यह कदम अहम साबित हुआ, क्योंकि प्रियंका ने अपनी रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता से पार्टी में नई ऊर्जा भर दी थी।

## संक्षेप

### भाकियू जिलाध्यक्ष ने गरीबों को बांटे कंबल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। शेखनखेड़ा गांव में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष राजेश रावत ने भीषण ठंड से जरूरतमंद बुजुर्गो व महिलाओ को बचाने के लिये कंबल बांटे।कबंल पाकर लोगो के चेहरे खिल उठे ओर उन्होने भाकियू जिलाध्यक्ष का आभार जताया।मीडिया प्रभारी करन गुप्ता ने बताया कि जिलाध्यक्ष राजेश रावत द्वारा गाँव गाँव जाकर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये जा रहे है,रविवार भाकियू जिलाध्यक्ष राजेश रावत ने शेखनखेड़ा गांव पहुंचकर दो दर्जन के करीब जरूरतंदो को कंबल बांटे।

### युवती सकुशल बरामद, आरोपी अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। एक गांव से युवती को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर युवती को बरामद किया।पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया? इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने 7जनवरी को तहरीर देते हुये बताया था उसकी बेटी को युवक शाहिम निवासी पुरनपुर थाना मोहनलालगंज बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है,पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमो को युवती की सकुशल बरामदी के लिये लगाया गया था,पुलिस टीम ने रविवार को आरोपी शहिम को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद किया।आरोपी युवक को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### शातिर चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने लोहे की पाइपे की बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के उत्तरगांव से चार दिन पहले किसान की लोहे की पाइपो को चुराने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर माल बरामद किया।पुलिस ने माल समेत गिरफ्तार चोर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया क्षेत्र के उत्तरगांव निवासी किसान रामखेलावन ने तहरीर देते हुये बताया था उसके तालाब के पास रखी आठ लोहे की पाइपे बीते गुरूवार को चोरी हो गयी थी,पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को खुलासे के लिये लगाया गया था,रविवार को पुलिस टीम ने केसरीखेड़ा के पास से चोर अनूप निवासी उत्तरगांव थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर उसके पास से छः लोहे की पाइपे बरामद की।

# महाकुंभ की तरह अयोध्या में भी बनाई जा रही टेंट सिटी

## हजारों रामभक्तों को मिलेगी सुविधा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने प्रयागराज के बाद अयोध्या में तीन स्थानों पर टेंट सिटी की व्यवस्था की है। साथ ही काशी में 212 पीजी (पेइंग गेस्ट) सहित आश्रय स्थलों को स्थापित किया गया है।इस बारे में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने खुद जानकारी साझा की है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को टेंट सिटी व पीजी तथा आश्रय स्थलों के बारे में पर्यटक सुविधा केंद्रों से सूचना उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि पर्यटक सूचना केंद्रों से पर्यटकों को पुस्तिका के माध्यम से महाकुंभ, प्रयागराज, अयोध्या के अलावा सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली और जौनपुर में स्थित धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।




### हाइवे पर लगाए गए हैं सूचना बोर्ड

इसके अलावा उन्होंने बताया कि विभिन्न हाइवे पर सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालु इन गंतव्य स्थलों पर आसानी से पहुंच सकेंगे। पर्यटन निगम द्वारा निजी सहभागिता के माध्यम से अयोध्या में ग्राम जमथरा में 400 व्यक्तियों के ठहरने एवं खाने पीने की सुविधा के लिए टेंट सिटी निर्माण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।

### आश्रय स्थलों का निर्माण लगभग पूरा

रामनाम आश्रम की रिक्त भूमि पर 1,000 व्यक्तियों के लिए आश्रय स्थल एवं ग्राम माझा बरहरा, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में 2,000 व्यक्तियों के लिए आश्रय स्थल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने पर्यटकों के लिए कई नए पैकेज बनाए हैं, जिन्हें www.upstdc.co.in के माध्यम से बुक किया जा सकता है।

### विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश

लखनऊ। प्रदेश सरकार इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन करेगी। इस बार यूपी दिवस का थीम "विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश" रखा गया है।इस थीम पर ही प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व रोड शो समेत अनेक आयोजन होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी दिवस के आयोजन को भव्य स्वरूप देने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुई थी। इस दिन प्रदेश का नाम संयुक्त प्रांत से बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। योगी सरकार 2018 से 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन कर रही है।

### जनसहभागिता से मनेगा यूपी दिवस

इस बार भी सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जनसहभागिता से यूपी दिवस मनाया जाएगा।मुख्य कार्यक्रम लखनऊ व नोएडा में होंगे।इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में यूपी दिवस के आयोजन होंगे।मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव को पत्र भेजा है।

# गरीब व असहाय लोगों को शेख फाउंडेशन ने कंबल वितरित किए




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। थावर पंचायत में गरीब महिला व पुरुषों के बीच शुक्रवार को कंबल का वितरण किया गया। लगभग 20 कंबल पंचायत के थावर गांव के गरीब परिवार के बीच शेख फाउंडेशन के सदस्य ने वितरण किया। वही बुजुर्ग कंबल पाते ही खिल उठे। मेघा गौतम ने कहा कि शेख फाउंडेशन द्वारा प्राप्त कंबल क्षेत्र के अनुसार पर्याप्त नहीं है। फिर भी प्राथमिकता के आधार पर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया है। जिससे कड़ाके की ठंड में गरीब व असहायों को राहत मिलेगा।

# यूपी और उत्तराखंड में 10 हजार अग्निवीरों की होगी भर्ती

### महिलाओं की भी बढ़ेगी भागेदारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इन दोनों राज्यों में सात से 10,000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। अब तक 6,500 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है, जबकि दो हजार पद अभी भी रिक्त हैं। प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सीसीटीवी निगरानी में हो रही है। महिलाओं की भर्ती के लिए भी नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे सेना में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। अग्निवीर योजना के तहत बदलाव युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होंगे। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के एडीजी रिक्रूटिंग मेजर जनरल मनोज तिवारी का कहना है कि इन दोनों राज्यों में सात हजार अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। यह बढ़कर 10 हजार भी हो सकती है। इसके लिए 10 भर्ती रैलियां कराई जा रही हैं। लखनऊ में यह नवीं भर्ती रैली चल रही है और अंतिम बरेली जोन के फतेहगढ़ में आयोजित की जाएगी।

### 6500 अभ्यर्थियों को किया गया शार्टलिस्ट

एडीजी का कहना है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमने 6500 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया है। हमारे पास अभी दो हजार और रिक्त पद हैं। इसके अलावा हमारे पास रिजर्व पद भी होते हैं। अगर अनुमति मिली तो उन पर भी भर्ती की जाएगी। अग्निवीर योजना में आने वाले दिनों में थोड़ा और बदलाव होंगे, जो युवाओं के लिए लाभप्रद रहेंगे। हमारी रैलियां पूरी पारदर्शिता के साथ हो रही हैं।

### मेधावी अभ्यर्थियों का होता है चयन

उन्होंने कहा कि कई बार असफल अभ्यर्थी कई तरह के आरोप लगाते हैं, लेकिन हम आश्वस्त करना चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया शुचिता और पारदर्शिता के साथ हो रही है। हम सबसे मेधावी अभ्यर्थियों का चयन करते हैं। इसकी पूरी निगरानी भी की जाती है। अभी हमने महिलाओं की भर्ती उत्तराखंड के रुड़की में की थी। आने वाले दिनों में महिलाओं के पद और बढ़ेंगे।

# सड़क हादसे में पशु चिकित्सक घायल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ड्यूटी पर जा रहे पशु चिकित्सक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां हालत में सुधार न होता देख परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की सूचना पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। लगातार हो रहे हादसे को लेकर ग्रामीणों ने सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ के जानकीपुरम निवासी ओमकार रावत रोज की तरह वह रविवार सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी माल थाना क्षेत्र के ग्राम मांझी के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ट्रामा सेंटर भेजवाया।




मार्ग चौड़ीकरण को लेकर प्रदर्शन करते – ग्रामीण

जहां हालत में सुधार न होता देख परिजनों ने उसे विवेकानंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की सूचना पर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होकर सकरे मार्ग पर आए दिन हो रहे हादसे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने काफी देर तक सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर काफी देर तक अड़े रहे। स्थानीय पुलिस ने समझा बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया। तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया गया।

# श्री रामलला के प्रथम वर्ष गांठ पर सुंदर काण्ड का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उतरावां में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत के उतरावां बजरंग बली कुटी मन्दिर में भक्तों द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व प्रधान गिरजा शंकर मिश्रा उर्फ गुड्डन राजू मिश्रा रवीश विकास मयंक शुभम शिवम अनिल श्याम बिहारी छेदा छोटू पंकज अजय आदि ग्रामवासी भक्तगण शामिल हुए सभी भक्तगणों ने सुंदरपाठ का पठन करते हुए प्रभु श्रीराम का स्मरण किया एवं हनुमान जी की आरती के बाद भक्तों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया।

# आनलाइन गेम में हारा पैसे तो युवक ने खुद के घर समेत दो अन्य घरों में रची चोरी की साज़िश

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।आनलाइन गेमिंग व सट्टे में हजारो रुपए हारे युवक ने खुद के घर समेत दो अन्य घरो में चोरी की साजिश रचते हुये अपने पिता के द्वारा मकान बनाने के लिये रखे डेढ लाख रुपए व मोबाइल समेत दो पड़ोसियो के घरो से मोबाइल चुराकर पुलिस कन्ट्रोल रूम पर चोरी होने की सूचना दी थी।पुलिस ने रविवार को तीनो चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुये आरोपी वादी मुकदमा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डेढ लाख रुपए व दो मोबाइल फोन बरामद किये।पुलिस ने आरोपी को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया बीते शुक्रवार की सुबह मोहनलालगंज क्षेत्र के गौरा कालोनी निवासी नंदकिशोर ने पुलिस कन्ट्रोल रूम पर अपने घर से पिता प्रहलाद के झोले में रखे डेढ लाख रुपए व मोबाइल समेत दो पड़ोसियो के मोबाइल फोन चोरी होने की सूचना देते हुये अपने मामा व पड़ोसी पर चोरी करने का शक जताते हुये पुलिस को कार्यवाही के लिये तहरीर दी।पीड़ित नंदकिशोर के द्वारा दी तहरीर पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिये इंस्पेक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस की दो टीमो को लगाया गया जिसके बाद टीमो ने गहनता से पड़ताल शुरू करते हुये पड़ोसियो से इनपुट लिये तो पता चला वादी मुकदमा नंदकिशोर आनलाइन गेमिंग व सट्टा खेलता है ओर काफी पैसा हार गया है।जिसके बाद उपनिरीक्षक साजिद अली व अनूप कुमार तिवारी ,कास्टेंबल गीतम सिंह, संदीप भाटी व अरूण यादव ने वादी मुकदमा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ शुरू की तो वो टूट गया ओर बताया आनलाइन गेमिंग व सट्टे में वो लाखो रुपए हार गया था कर्ज काफी बढ गया था कर्जदार उसे परेशान कर रहे थे इस लिए उसने चोरी करने का प्लान बनाया ओर अपने पिता प्रहलाद द्वारा मकान बनाने के लिये रखे डेढ लाख रुपए व मोबाइल चुरा लिये ओर उस पर पुलिस का शक ना जाये इस लिए पड़ोसियो के घर से उनके मोबाइल फोन भी गायब कर दिये थे।पुलिस ने आरोपी वादी मुकदमा की निशानदेही पर भूसे के अंदर बैग में छिपाकर रखे गये डेढ लाख रुपए व मोबाइल फोन समेत पड़ोसियो के मोबाइल फोन भी बरामद किये।पुलिस ने बरामद माल के साथ आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# उपकेंद्र पर मां बेटी ने तेल छिड़क कर की आत्मदाह की कोशिश

## किसान को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठी किसान यूनियन दशहरी

### मलिहाबाद उपकेन्द्र की घटना,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।एक गांव में किसान की अनुमति के बिना उसके खेत व बाग के ऊपर से विद्युत लाइन निकालने से नाराज महिला व उसकी बेटी ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर तेल छिड़क कर आत्मदाह करने का किया प्रयास पुलिस की तत्परता से बची दोनों की जान।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोंदा मोअज्जम नगर ग्राम औलिया खेड़ा निवासी विधवा किसान महाराजा व उनकी बेटी सुनीता ने मलिहाबाद विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंच कर अपने ऊपर तेल छिड़क कर आत्मदाह करने की कोशिश करने लगी मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों महिलाओं को आत्मदाह करने को रोकते हुए समझा बुझा कर शांत कराया। महिलाओं के अनुसार बीती तीन जनवरी से लाइन निकलने के विरोध में विधवा महाराजा अपनी बेटियों के साथ मलिहाबाद तहसील में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी थीं। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया कि रविवार दोपहर ग्राम औलिया खेड़ा निवासी विधवा महाराजा के खेत व बाग के ऊपर से विद्युत लाइन उनकी बिना अनुमति निकाली गई है।सुनवाई न होने से पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए अनिश्चितकालिन धरना शुरू किया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उक्त गांव में विद्युत विभाग ने बिना अनुमति लिए उन के बाग व खेत के ऊपर से विद्युत लाइन निकाल दी है।जिससे फसल व जन हानि हो सकती है। जिसका विरोध एक सप्ताह से अधिक दिनों से लाइन निकलने का विरोध करते हुए वह अपनी बेटियों के साथ तहसील में धरने पर बैठी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मलिहाबाद उपकेन्द्र के कर्मियों से नाराज महाराजा व उनकी बेटी सुनीता रविवार को उपकेन्द्र पहुंच कर तेल छिड़क कर आत्मदाह करने की कोशिश की।। मौके पर मौजूद मलिहाबाद व रहीमाबाद पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मदाह से रोका और समझा बुझा कर शांत कराया।



महिला का हालचाल लेते पुलिसकर्मी व अन्य

### किसान नेता ने कहा, धरना जारी रहेगा

आत्मदाह की सूचना मिलते ही धरना स्थल पर पहुंचे किसान मजदूर यूनियन दशहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल धरने पर बैठ गए है। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित किसान को न्याय नहीं मिलेगा तब तक ये अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

# सिर्फ 1,296 रुपये में हेलीकॉप्टर से देख सकेंगे महाकुंभ का नजारा




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक नई और रोमांचक सुविधा शुरू की गई है। अब पर्यटक महाकुंभ का नजारा हेलीकॉप्टर से देख सकेंगे। पहले जहां इस सुविधा का किराया तीन हजार रुपये निर्धारित किया गया था, वहीं अब इसे घटाकर केवल 1,296 रुपये कर दिया गया है।यह हेलीकॉप्टर राइड 7 से 8 मिनट की होगी और इसका शुभारंभ सोमवार को किया जाएगा। पर्यटक इस राइड के माध्यम से महाकुंभ के भव्य आयोजन और उसके आसपास के इलाके का अवलोकन कर सकेंगे।

### इस बेवसाइट पर जाकर टिकट कर सकते हैं बुक

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सुविधा भारत सरकार के उपक्रम पवनहंस द्वारा प्रदान की जाएगी। इस राइड के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जो www.upstdc.co.in के माध्यम से की जा सकती है। यह हेलीकाप्टर राइड मौसम की स्थिति और श्रद्धालुओं की उपलब्धता के आधार पर संचालित होगी।

### वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स की भी व्यवस्था है

जयवीर सिंह ने आगे कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक मेला नहीं है, बल्कि यह भक्ति और विरासत का एक उत्सव है, जो श्रद्धालुओं और आगंतुकों को भारतीय संस्कृति और आस्था का अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पर्यटन और संस्कृति विभाग ने महाकुंभ के दौरान रोमांचक अनुभव देने के लिए वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स की व्यवस्था की है।

### लेजर शो, ड्रोन शो का भी होगा आयोजन

इसके अतिरिक्त, महाकुंभ के आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रयागराज में स्थापित मंचों से देश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा, लेजर शो, ड्रोन शो और यूपी दिवस से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जो महाकुंभ के आकर्षण को और बढ़ाएंगे।

### पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं लेकर आया है

महाकुंभ में पर्यटन विभाग की यह पहल न केवल श्रद्धालुओं के लिए नई सुविधाएं लेकर आई है, बल्कि यह महाकुंभ को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी आकर्षक बनाएगी। अब पर्यटक महाकुंभ का अनुभव न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि रोमांच और मनोरंजन के साथ भी कर सकेंगे।

# यूपी में बारिश, धूप और गलन से दिखा मौसम का संगम

## लखनऊ समेत कई जिलों में घने कोहरे की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। लखनऊ में रात से ही बादल छाए हुए थे। सुबह यहां घने बादलों के बीच बारिश शुरू हो गई।इसके साथ ही यूपी के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रहा। रविवार को लखनऊ में मौसम का एक संगम दिखा।

रविवार की सुबह हल्की बारिश के बाद धूप निकली, लेकिन सर्द हवाओं के कारण शाम होते-होते गलन बढ़ गई। रविवार को प्रदेश में कानपुर शहर का न्यूनतम तापमान सबसे कम 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि फतेहपुर 6.4 और अयोध्या 7.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।



### कल से मौसम साफ रहने का अनुमान

मौसम विभाग ने सोमवार से प्रदेश में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। हालांकि लखनऊ समेत यूपी के कुछ जिलों में देर रात और सुबह घने कोहरे को लेकर चेतावनी भी जारी की है।मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ का अधिकतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सोमवार को लखनऊ और आसपास के इलाकों में सुबह और देर शाम घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है।मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले दो दिनों तक दिन और रात के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखने को मिलेगा।प्रदेश के कई जिलों में अत्यंत घने कोहरे की संभावना जताई गई है।

इसमें देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और पीलीभीत जैसे कई जिले शामिल हैं। वहीं, लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर और अयोध्या में घने कोहरे की संभावना है।

आपको बता दें कि लखनऊ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है।कोहरे और धुंध का असर विमान सेवाओं और ट्रेनों पर भी साफ देखने को मिल रहा है।उत्तर प्रदेश में ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं। इस कारण से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार को भी 25 से ज्यादा ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचने के कारण यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई थी।

## संक्षेप

### शारदा नहर का कल्याणी नदी में छोड़े जाने से किसानों का भारी नुकसान

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र में शारदा नहर का पानी कल्याणी नदी में छोड़े जाने से किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के मरौंदा मझवारा, मरौंदा सूचित, पनपथा सहित कई गांवों में सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न हो गई हैं।प्रभावित किसानों ओमप्रकाश, जगजीवन, अकबर समेत कई लोगों ने बताया कि मात्र दो दिनों में उनकी गेहूं, सरसों, आलू, लौकी, कद्दू और तरबूज की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं किसान ओमप्रकाश सविता ने हेल्पलाइन नंबर 1076 पर अपनी समस्या दर्ज कराते हुए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पूर्व विधायक राम कुमार ने उपजिलाधिकारी उन्नाव को पत्र लिखकर नुकसान का आकलन कराने की मांग की है।उन्होंने लेखपाल और कानूनगो को तत्काल मौके पर भेजकर फसल क्षति का आकलन करवाने और प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की अपील की है।किसानों का कहना है कि, फसलों के नष्ट होने से उनकी आर्थिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। वे सरकार से उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील कर रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार प्रशासनिक टीम के आकर नुकसान का आकलन करने के बाद ही उनकी समस्या का समाधान संभव होगा।

### नो हेलमेट - नो फ्यूल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में रविवार दोपहर दो बजे यातायात सुरक्षा को लेकर सी ओ अरविंद चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है. सीओ और थाना प्रभारी ने सभी पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया गया.सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि हो रहे हादसों में बिना हेलमेट के 80 फीसदी लोग जान गवां रहे हैं. और सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी शामिल हैं.हाल ही में नगर में हुए एक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी.जिससे पूरा नगर सहम गया था. सीओ ने बताया कि हमारे देश के भविष्य की जान इतने सस्ते में चली जाती हैं.हमारी जरा सी लापरवाही हमारी जान तक बन आती है.हमारे उच्चाधिकारियों के निर्देश चलाई जा रही इस मुहिम में हम सार्थक बनकर लोगों को जागरूक करे ताकि लोग सुरक्षित रहे सके.

# स्वामी विवेकानंद की जयंती का किया गया भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. तारकेश्वर पाण्डेय, श्री विठ्ठल गोस्वामी और प्रधानाचार्य रमेश तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और विचारों को गीत, कहानियों और प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव किया। विद्यालय के आचार्य अमित कुमार ने विवेकानंद जी की शिक्षाओं को 'ज्ञान का खजाना' बताते हुए उनके प्रसिद्ध आदर्श वाक्य 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' की महत्ता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान पुरातन छात्र परिषद की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर चुके पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। बीएचयू भूभौतिकी विभाग के डॉ. आकिब अली सहित कई पूर्व छात्रों ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे विद्यालय का मार्गदर्शन उनकी सफलता का आधार बना।मुख्य अतिथि डॉ. तारकेश्वर पाण्डेय ने पुरातन छात्रों को संबोधित करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व पर बल दिया। समारोह में सगुणा मिश्रा, गीतांजलि, अनूप कुशवाहा, प्रणव सिंह, अभिषेक गुप्ता समेत कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र मौजूद रहे।कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज और सार्वभौमिक भाईचारे के संदेश को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।स्वामी विवेकानंद सभी युवाओं के चिरकालीन प्रेरणा स्रोत हैं।उन्होंने अल्प जीवनकाल में ही विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की अमिट छाप छोड़ी। उनका संदेश आज भी युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

### 14 जनवरी को मनाया जाएगा मकर संक्रांति का पर्व

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।आचार्य ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने बताया कि भारतीय संस्कृति सनातन धर्म का पुनीत पर्व मकर संक्रांति खिचड़ी पर्व इस वर्ष 14 जनवरी 2025 दिन मंगलवार को मनाया जाएगा इस वर्ष कई वर्षों बाद में बना संयोग उ, साढ़ नक्षत्र का सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा जो कि मकर संक्रांति पुण्य काल सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त माना जायेगा काशी विश्व पंचांग शास्त्रीय मान्यता के अनुसार 14 जनवरी को शुभ मुहूर्त रहेगा आज के दिन ऊनी वस्त्र दुशाला कम्बल उपानह पुस्तकें पंचांग खिचड़ी तिल के बने लड्डू आदि का दान करने से अमोघ पुण्य फल प्राप्त होता है सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रृद्धा और विश्वास से युक्त होकर अपनी अपनी परम्परा अनुसार शास्त्रीय मान्यता से विधिवत दान करना चाहिए। दान पुण्य कार्य समस्त शास्त्र सम्मत ही करना चाहिए मन मुखी विचार तथा अन्यान्य कारणों के कारण ही सनातन धर्म का ह्रास हो रहा है अतः सभी सनातनी धर्मावलंबी जन शास्त्र सम्मत ही करना चाहिए।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाला गया भव्य जुलूस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हाकिमटोला स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में दशम गुरु श्रीगुरु गोविंद सिंह महाराज का 358वां प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कड़ाके की सर्दी के बावजूद भक्तों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे अरदास से हुई, जिसके बाद शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरुद्वारे में दिन भर अटूट लंगर चलता रहा।शनिवार दोपहर को निशान साहब के वस्त्र बदलकर पूजन किया गया। रविवार को पंज प्यारों द्वारा पूजा-अर्चना के बाद भव्य जुलूस निकाला गया।जिला अधिकारी गौरांग राठी के आगमन पर कमेटी पदाधिकारियों ने सरोपा पहनाकर स्वागत किया।जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायक ने पंज प्यारों का माल्यार्पण कर हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। आतिशबाजी और फूलों की वर्षा के बीच जुलूस बड़ा चौराहा तक पहुंचा।कानपुर के लालबंगला और गुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रंगबिरंगी पोशाक में जुलूस की शोभा बढ़ाई।पंज प्यारियों के रूप में वर्तिका शुक्ला, हर्षप्रीत कौर, आस्था चौधरी, आंशिका और स्नेहा ने भूमिका निभाई, जबकि नन्हे सरदारों के रूप में विवान, नवनीध और हरजस ने प्रस्तुति दी। भक्तगण मार्ग को स्वच्छ करते हुए फूलों का छिड़काव कर रहे थे। सुखबीर सिंह भाटिया, देवेंद्र सिंह, चरनजीत सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह और कमलदीप सिंह ने पंच प्यारों का किरदार निभाया।गुरुद्वारे से जुलूस उठकर सब्जी मंडी पहुंचते ही स्वागतों का दौर शुरू हो गया। पंज प्यारों का जगह-जगह लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। चौराहों से गुजरने के दौरान पर लोगों ने जुलूस में शामिल भक्तों को स्वागत के साथ ही स्वाल्पाहार वितरित करते रहे।गुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं आकर्षण का केंद्र रहे। प्रकाश उत्सव के जुलूस में स्कूल केबच्चे ने अलग-अलग अभिनय कर विभिन्न रुप रखकर किरदार निभाया। स्वागत के वक्त लोगों माल्यार्पण करना नहीं भूले। रंगबिरंगी ड्रेस पहने बच्चे लोगों में मुख्य आकर्षण का केंद्र बने रहे और जुलूस की शोभा में चार चांद लगा दिए। इनके हाथों में संदेश लिखी हुई तख्तियां मौजूद थी, जो लोगों को प्रेम का संदेश दे रही थी।

# महिला की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।अजगैन थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग के निकट झाड़ियों के पास युवक ने महिला का मुंह दबाकर हत्या कर बीते शुक्रवार दोपहर शव फेंक दिया था।अज्ञात महिला का शव पड़ा मिलने पर देर रात मां व पति ने थाना पहुंच कर शव की पहचान की।पति की तहरीर के आधार पुलिस ने सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा गांव निवासी युवक पर पत्नी की हत्या करने का केस दर्ज किया गया।शनिवार रात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुंह दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुक्रवार दोपहर संदिग्ध हालत में अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ मिला था।जांच बाद पुलिस ने शव मच्युरी में रखवा कर छानबीन कर रही थी। इसी दरम्यान जानकारी पर अजगैन थाना पहुंची मां रानी व पति बाबू ने शव की पहचान मृतका रीना के रूप में की।मृतका रीना के पति बाबू व मां रानी ने बताया कि काफी समय से वह लोग लखनऊ थाना सरोजनीनगर के मक्काखेड़ा गांव के पास डेरा डाल कर रह रहे थे। गुरुवार दोपहर मृतका रीना बाहर निकली और वापस घर नहीं पहुंची। काफी तलाश की गई। मगर वह नहीं मिली।उसके बाद रीना का शव अजगैन थाना क्षेत्र के कुसुम्भी गांव स्थित झाड़ियों के पास पुलिस को पड़ा मिला था।मृतका रीना के पति बाबू ने थाने में तहरीर देकर सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा गांव के रहने वाले युवक पर शक जाहिर करते हुए कार्रवाई की बात कही गई थी।अजगैन इंस्पेक्टर अवनीश सिंह ने बताया कि मां रानी की तहरीर के आधार पर सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा गांव निवासी आरोपित हाफिज उर्फ सपेरा के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। आरोपित हाफिज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# धूम धाम से मनाई गई राज माता जीजा बाई की जयंती

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस द्वारा विधानसभा क्षेत्र के बौद्ध पर्यटन स्थल नेवल में आज रविवार को राजमाता जीजाबाई जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लखनऊ मंडल एवं कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल ने राजमाता जीजाबाई एवं अपना दल के संस्थापक बोधिसत्व डॉ0 सोनेलाल पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि राजमाता ने अपने जीवन काल में बहुत ही संघर्ष किया।उनके पति शाह जी भोसले की मृत्यु के बाद वह पूरी तरह से टूट चुकी थी। वह ईश्वर से प्रार्थना करती और चाहती थीं कि मराठाओं का अपना साम्राज्य हो। उनके 6 पुत्रियां व दो बेटे संभाजी एवं शिवाजी महाराज थे।जिसमें शिवाजी की कर्तव्य भावना व साहस एवं मुश्किल परिस्थितियों में सामना करने का अदम्य साहस था। आगे चलकर शिवाजी ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की। उन्होंने कहा कि जीजाबाई को प्रभावी व प्रतिबद्ध महिला के तौर पर जाना जाता है।वह दूरदर्शिता के लिए प्रसिद्ध एक योद्धा एवं प्रशासक थीं। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल और जिला महासचिव सुधांशु कटियार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल तथा संचालन जोन अध्यक्ष विनोद कटियार ने किया। कार्यक्रम में जिला सचिव कुंवरपाल आर्य, बंसीलाल अर्कवंशी जिला उपाध्यक्ष सांस्कृतिक मंच,अतुल पटेल, जिला सचिव युवा मंच अमन शर्मा, दिलीप दिवाकर, राजकुमार शर्मा, प्रभाकर पटेल, सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

# शराब की दुकान में चोरी करने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव।देसी शराब की दुकान में चोर शटर तोड़ रहा था मकान मालिक ने आवाज सुनी तो चिल्लाने लगा आवाज सुन चोर मौके से भाग निकला दुकान के सेल्समैन पुलिस को तहरीर दी कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे से ओसियां जाने वाले मार्ग पर आबादी के नजदीक सड़क के किनारे ओसियां ग्राम में देसी शराब की दुकान है प्रतिदिन की भांति शनिवार को सेल्समेन प्रयाग शंकर जायसवाल पुत्र सुखनंदन प्रसाद निवासी तकिया देर रात दुकान बंद कर अपने घर चला गया दुकान के ऊपर मकान मालिक संतू सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ओसियां अपने परिवार समेत सोए हुए थे था दीवार व शटर तोड़ने की आवाज सुन कर जाग गए अन्य लोगों को फोन करके सूचना दी जैसे ही सभी लोगों को आते देखकर चोर भागने लगे सेल्समैन ने तहरीर में बताया कि मकान मालिक ने एक चोर मुकेश पुत्र रवींद्र द्विवेदी निवासी पाटन को पहचान लिया अन्य को नहीं पहचान सके सेल्समैन ने लिखित तहरीर पुलिस को दी क्षेत्र में चोरियां आए दिन होती रहती हैं जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त रहता है।

# धूमधाम से मनाई गई पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री की जयंती

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।पदम् विभूषित पूर्व गवर्नर एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री, प्रांत गौरव रहे स्वर्गीय उमाशंकर दीक्षित की आज रविवार 12जनवरी को 124वी जयंती उनके पैतृक स्थान ऊगू में धूम धाम से मनाई गई। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू नगर पंचायत स्थित ज्वाला देवी बालिका विद्यालय में आज स्व पं उमाशंकर दीक्षित की एक सौ पच्चीसवीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम में आरती बाजपेई व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनुज दीक्षित एंव राजीव बाजपेई ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस मौके पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उन्हें गांव में लोग दद्दा जी कहा करते थे,। वे भारत सरकार मे गृह मंत्री के पद पर रह कर देश की सेवा की तथा कर्नाटक प्रदेश के राज्यपाल पद पर भी आसीन रहे।स्कूल की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने उनकी स्मृति में कहा कि उमाशंकर जी एक महान देशभक्त, उच्च कोटि के प्रशासक व समाज सेवक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में देश की स्वाधीनता संघर्ष में योगदान दिया तथा उसके बाद देश के गृहमंत्री व परिवहन मंत्री रहकर राष्ट्र की सेवा की।इस मौके पर , सुनील द्विवेदी,प्रकाशचन्द्र दीक्षित, दिनेशचंद्र त्रिवेदी, विनोद दीक्षित, सोनी, आकांक्षा, मुन्नू अग्निहोत्री , विवेक तिवारी, मनोज अग्नहोत्री, , बृम्हप्रकाश कन्नौजिया राजू दीक्षित ,अरविन्द कन्नौजिया ,गोपाली यादव पप्पू आदि ,उपस्थिति रहे। दद्दा जी की जयंती समारोह में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया।

# बाइक व कार की आमने सामने भिड़त, दो की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव के पास देर रात बाइक सवार दो युवक ड्यूटी कर वापस कर लौट रहे थे। इसी दौरान कार और बाइक आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।जानकारी के अनुसार पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भहुपथ पुरवा निवासी संतोष अपने साथी छंगा निवासी सई खेडा के साथ रविवार रात करीब 11 बजे कानपुर से ड्यूटी करने के बाद वापस बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे।पुरवा दही मार्ग के तौरा गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही एक कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई।एक्सीडेंट होते ही संतोष और छंगा गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही दोनों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने दोनों की पहचान करने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी।रविवार को मोर्चरी हाउस पहुंचे परिजन रो-रोकर बेहाल होते रहे।परिजनों के सहमति के बाद पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करवाई है।इंस्पेक्टर राकेश गुप्ता ने बताया कि एक्सीडेंट की घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हरिजन बस्ती में लगे हैंडपंप को ग्राम प्रधान ने हटवाया

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।विकास खण्ड की ग्रामसभा जंगल बुजुर्ग प्रधान द्वारा हरिजन बस्ती में लगे हैण्डपम्प को न बनवाकर उखाड़ लिए जाने से मोहल्लेवासियों में रोष ब्यापत हो गया है। मोहल्लेवासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित पुलिस में भी शिकायत की है।सरकार के द्वारा सबको स्वच्छ पानी मिल सके इस हेतु हर घर जल योजना पर बहुत तेजी के साथ काम किया जा रहा है।वर्तमान में कई गाँवो में अभी तक पाइप लाइन ही बिछायी गयी है लेकिन पानी अभी कोसो दूर है।पानी की किल्लत देखते हुए गाँवो में लगे हैंडपंप ही एकमात्र सहारा है।ऐसे में अगर गदर फिल्म के सनी देओल की तरह हैंडपंप को ही उखाड़ लिया जाय बस उसका उद्देश्य दूसरा हो तब मोहल्लेवासियो में क्या बीतेगी।ऐसा ही एक मामला विकास खंड सुमेरपुर के जंगल बुजुर्ग का सामने आया है जिसमे दयाशंकर साहू पुत्र रामचरन सहित मोहल्लेवासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित कई जगहों में शिकायत करते हुए बताया कि उसके दरवाजे पूर्व प्रधान के द्वारा हैंडपंप लगवाया गया था। हैंडपंप के खराब होने के कारण जब प्रधानपति इसे ठीक करवाने को कहा गया तब प्रधानपति विपिन प्रकाश ने ईर्ष्यावश इस हैंडपंप को उखड़वाकर दूसरो के दरवाजे लगवा दिया ।जिसके कारण हरिजन बस्ती में पानी का अकाल पड़ गया है ।मोहल्लेवासियों में किशुन कुमारी,ओमप्रकाश, गीतादेवी, राजाराम ,पियारे आदि ने पानी की ब्यवस्था किये जाने की गुहार मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगायी है।

# कड़ाके दार ठंड को देखते सैकड़ों गरीब लोगों को वितरण किया कंबल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कड़ाके की सर्दी से राहत दिलाने के लिए पुष्प फाउंडेशन ने एक सराहनीय पहल की है।बारा स्थित बाबा बजरंगबली मंदिर परिसर के पास महावीरन दंगल प्रांगण में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब और निराश्रित लोगों को कंबल और ऊनी वस्त्र वितरित किए गए।फाउंडेशन के प्रबंधक पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र की 35 ग्राम सभाओं से आए जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल ठंड से बचाव था, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मान देकर उनके जीवन में आशा का संचार करना भी था।इस अवसर पर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना उनका दायित्व है।कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों और ग्राम प्रधानों ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना की।वरिष्ठ नागरिकों ने इसे समाज में एकजुटता और सद्भावना का संदेश बताया।पुष्प फाउंडेशन ने भविष्य की योजनाओं की भी घोषणा की, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करने का लक्ष्य शामिल है। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन ने न केवल कंबल वितरित किए, बल्कि निराश्रित महिलाओं और पुरुषों को सम्मानित भी किया।इस अवसर पर प्रबंधक पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, ₹यह हमारा दायित्व है कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करें।ठंड के मौसम में ऊनी वस्त्र और कंबल वितरित करना हमारा छोटा सा प्रयास है, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके।₹आयोजन में क्षेत्रीय लोगों और ग्राम प्रधानों ने भी भाग लिया और इसे एक अनुकरणीय कदम बताया। ग्राम सभा के वरिष्ठ नागरिकों ने पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम की इस नेक पहल की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में एकजुटता और सद्भावना का संदेश फैलता है।बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी कार्य करना है।पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, ₹हमारा प्रयास है कि समाज के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे और उनकी समस्याओं को हल करने में योगदान दें।

# लगातार हो रही चोरियों से फैली दहशत, एक और बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार चोर लुटेरों की धमा चौकड़ी से आम जनता दहशत में नजर आ रही है ।ताबड़तोड़ चोरी व लूट होने के बाद भी कई मामलों खुलासा न होने से पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।सुमेरपुर के दीपक शुक्ला के घर से खिडकी तोड़ लाखो की चोरी,मार्च माह में भगवंतनगर कस्बे में दूध डेयरी चलाने वाले पहाड़पुर निवासी राहुल पांडेय की बाइक चोरी जिसमे नामजद तहरीर के बावजूद गिरफ्तारी न होना,भगवंतनगर में करीब चार माह पूर्व सितंबर महीने में वार्ड संख्या आठ से रेखा पांडेय के घर से बाइक चोरी ,उन्नीस अक्टूबर को परसड़ा गाँव मे किराना की दुकान से पच्चीस हजार की चोरी,आठ नवंबर को नारेन्द्रपुर मजरे कल्यानपुर प्रथम में शुभाष सिंह के घर मे ग्रिल तोड़कर हुई लाखो की चोरी ,करीब दो सप्ताह पूर्व भगवंतनगर के स्वर्ण ब्यवसायी उमेश सोनी के साथ हुई लाखो की लूट, एक सफ्ताह पूर्व पाटन कस्बे के नितेश शर्मा का लोडर चोरी होने के साथ क्षेत्र में कई स्थानों से लगातार भैस व खेतो से इंजन चोरी होने से आम नागरिकों में दहशत ब्यापत हो गया है।इन घटनाओं में किसी का भी खुलासा पुलिस द्वारा नही किया जा सका है।शुक्रवार को भी भगवंतनगर टाउन एरिया से रात में बाइक चोरी होने से लोगों की रातों में नींदे उड़ गयी है। टाउन एरिया के वार्ड नं०10 निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामस्वरूप सोनी ने चौकी प्रभारी को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बाइक रोज की तरह दरवाजे खड़ी थी।रात करीब 1 बजे तक बाइक सुरक्षित खड़ी थी।लेकिन सुबह बाइक गायब थी।पड़ोसी घर रजोल माली के घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में एक अज्ञात ब्यक्ति द्वारा रात करीब साढ़े तीन बजे बाइक ले जाते हुए फुटेज भी सामने आयी है।चौकी प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया तहरीर व फुटेज के आधार पर बाइक चोरी के मामले को खुलासा किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नशे का कारोबार करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

## 4 किलो गांजा और 52 हजार रुपये बरामद

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के पास से 4 किलो से अधिक गांजा और गांजे की बिक्री से प्राप्त 52 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।थाना सदर बाजार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो मादक पदार्थ तस्कर सुभाषनगर रोड से गुजरने वाले हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया।तलाशी के दौरान उनके बैग से गांजा और नकदी बरामद की गई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफसर खान और सोनू अवस्थी के रूप में हुई है। अफसर खान सदर बाजार के बीबीजई हद्दफ का निवासी है, जबकि सोनू अवस्थी थाना निगोही क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ट्रक ड्राइवरों से गांजा मंगवाकर स्थानीय ग्राहकों को बेचते थे।रविवार को भी वे ग्राहकों को गांजा सप्लाई करने जा रहे थे।सीओ सिटी पंकज पंत के अनुसार, एक आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड लंबा है। दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस अब इस मामले में और जांच कर रही है ताकि नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

## सम्पादकीय

# युद्धरत अस्थिर विश्व के लिए शांति का संदेश

ओडिशा की राजधानी भुबनेश्वर में आयोजित प्रवासी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है', कहकर देश और दुनिया को अहम संदेश दिए हैं। पहली बात तो यह कि इस वक्त विश्व में दो जंगें चल रही हैं, रूस व यूक्रेन के बीच और इजराइल व हमास-हिज्बुल्ला-हूती के बीच। साथ ही इजराइल व ईरान के बीच तनाव चरम पर है, सीरिया में अभी-अभी असद को सत्ता से बेदखल किया गया है। बांग्लादेश में जबरन सत्ता परिवर्तन हुआ है। पश्चिम एशिया में इस कदर हिंसक उथल-पुथल है कि विश्व का ध्यान इसी तरफ है। संयुक्त राष्ट्र प्रयास करके भी जंग को खत्म नहीं करा पा रहा है। अभी अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को यूएस का अंग बनाने के लिए जिस तरह का आक्रामक बयान दिया है, चीन ताइवान को डराने के लिए जिस प्रकार का सैन्य बल से लैस रुख अपनाता रहा है, उससे विश्व में तनाव, हिंसा व युद्ध के ही संकेत मिलते हैं, ऐसे में प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पर पीएम मोदी का विश्व को साफ संदेश है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, मानवता व शांति के लिए अहिंसा का मार्ग ही बेहतर है। खास बात है कि विश्व को अहिंसा का संदेश प्राचीनकाल से भारत देता रहा है। अहिंसा के पैरोकार बुद्ध, विवेकानंद, महात्मा गांधी भारत की वैश्विक पहचान भी हैं। मोदी संयुक्त राष्ट्र समेत कई ग्लोबल और द्विपक्षीय मंचों से युद्ध त्यागने और वार्ता करने की अपील अतीत में कर चुके हैं। प्रवासियों के जरिये भारत का शांति व अहिंसा का संदेश विश्व के कोने-कोने तक पहुंचेगा। सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने प्रवासी भारतीयों के महत्व को रेखांकित किया है। दरअसल, प्रवासी भारतीय भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोदी सरकार ने प्रवासियों को नीतिगत स्तर पर अनेक सहूलियतें भी दी हैं। पिछले दो वर्षों में 14 दूतावास और वाणिज्य दूतावास खोले गए हैं। ओसीआई कार्ड का दायरा भी बढ़ाया गया है। इसे मॉरीशस की 7वीं पीढ़ी के पीआईओ तक बढ़ा दिया गया है। पीएम अपनी विदेश यात्रा के दौरान प्रवासियों से जरूर मिलते हैं। प्रवासियों को भारत के ब्रांड अंबेसडर के रूप में उद्धृत किया जाता है। आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने वाले ग्लोबल साउथ में आज हिंसा व अस्थिरता का दौर जारी है, ऐसे में संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांति के रास्ते से तलाशा जाना चाहिए। भारत के विकसित बनने में भी प्रवासियों का योगदान अहम होगा। भारत में विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की गई, जो सराहनीय पहल है। विदेश मंत्री एस. जशंकर ने वैश्विक कुशल श्रमबल में भारतीयों के योगदान को रेखांकित किया है। विश्व सभ्यता में भी भारत का प्रमुख योगदान है। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने भी कहा कि भारतीयों ने विश्व के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। दुनिया का पहला विश्वविद्यालय 700 ईसा पूर्व तक्षशिला में स्थापित किया गया था। आयुर्वेद को चिकित्सा के प्राचीनतम ज्ञान के स्रोत के रूप में वैश्विक रूप से स्वीकार किया जाता है। नौवहन का जन्म लगभग 6,000 वर्ष पहले सिंधु नदी में हुआ था। बीजगणित, त्रिकोणमिति और गणना भी सबसे पहले भारत में ही विकसित हुए थे। भारत ऐसी नागरिक सभ्यता वाला पहला देश है जिसने अंकगणितीय गणनाओं में शून्य (0) चिह्न का उपयोग किया। दशमलव प्रणाली भी भारत में ही विकसित हुई। विश्व को शांति का मार्ग अपनाना चाहिए।

## दो टूक


शशि शेखर



# राजनीतिक जड़ता को तोड़ने की कोशिश

जनसुराज, फलां की बी-टीम है या उसे फलां से पैसा मिल रहा है या यह अमुक की अमुक के खिलाफ साजिश है। राजनीति में किसी भी गैर-राजनीतिक विरासत वाले व्यक्ति या समूह की एंट्री के साथ ही ऐसे शब्दों से स्वागत किए जाने की रवायत हिन्दुस्तान में पुरानी रही है। जनसुराज और प्रशांत किशोर के लिए भी फिलहाल ऐसे ही शब्द/ आरोप इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ये आरोप कितने सही हैं, कितने गलत, इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता। इसके लिए यकीनन आम आदमी को इंतज़ार करना होगा। आम आदमी वैसे भी जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेता। मीडिया और बुद्धिजीवी भले ऐसा करते रहे हैं और अक्सर ग़लत साबित होते रहे हैं क्योंकि, बहुत सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे, तो राजनीतिक इकोसिस्टम के भीतर एक किस्म का 'सत्ता का लौह सिद्धांत' पाएंगे, जहां सब मिले हुए हैं और मिलकर किसी भी नए प्रवेशी के लिए दरवाजा नहीं खोलना चाहते। अंग्रेज नौकरशाह एओ ह्यूम को कांग्रेस की स्थापना का आर्किटेक्ट कहा जाता है और यह भी कि कांग्रेस की स्थापना अंग्रेजों ने अपने सेफ्टी वाल्व के तौर पर की थी। आरएसएस, इसकी एक राजनीतिक शाखा बीजेपी है, की स्थापना करने वाले हेडगेवार के करीबी मित्र बीएस मुंजे के बारे में आपको यह जानकारी आसानी से मिल जाएगी कि इटली जाकर उन्होंने मुसोलिनी से मुलाक़ात की थी और उसकी राजनीतिक पार्टी का सूक्ष्म अध्ययन किया था। फिर भारत की जितनी भी कम्युनिस्ट पार्टियां हैं, उनका वैचारिक गर्भालान संबंध सोवियत रूस और चीन से रहा है। आप ध्यान देंगे, तो पाएंगे कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टियों के मूल अंग्रेजी नाम इस तरह है, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया यानी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी। इसका एक सरल भावार्थ यह हुआ कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टियां महज इंटरनेशनल कम्युनिस्ट रिवोल्यूशन की एक शाखा हैं और आज भी ये रूस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टियों (मार्क्स-लेनिन-माओ) की वैचारिकी पर चलते हैं। तो क्या ये सब किसी के एजेंट हैं? क्या ये सब किसी की बी या सी टीम है? आज भी हिन्दुस्तान में ओवैसी हो या केजरीवाल, इन पर किसी न किसी की बी-टीम होने के आरोप लगते रहे हैं। यह अलग बात है कि बी-टीम का आरोप झेलते-झेलते केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में भाजपा और कांग्रेस को बी अथवा सी ग्रेड की पार्टी बना दिया। अब जाकर कुछ ऐसा ही बिहार में देखने को मिल रहा है, जब प्रशांत किशोर की जनसुराज पर किसी दल के बी या सी टीम होने का आरोप लग रहे हैं। नीतीश कुमार हो, लालू प्रसाद यादव या रविशंकर प्रसाद, सब जानते हैं कि कैसे जेपी या मोरारजी भाई देसाई तक को इंदिरा गांधी की तत्कालीन कांग्रेस ने विदेशी एजेंट तक बताया था। ऐसा इसलिए कि वर्षों से सत्ता पर काबिज एक राजनीति दल यह मान चुका था कि इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा। तो क्या इतिहास भूल जाना हमारे राजनेताओं की आम बीमारी है या फिर एक मजबूरी? यानी, जो नेता, जो दल खुद किसी न किसी आन्दोलन से निकले हैं, वे आज पीके को बिहार पब्लिक सर्विस कमिशन में हुई धांधली पर संघर्ष कर रहे छात्रों के समर्थन में आने के कारण अपना निशाना बना रहे हैं। उन्हें एजेंट या बी-टीम बता रहे हैं। मेरा दृढ़ मत है, जो लालू प्रसाद यादव के मत का ही समर्थन है कि तवे पर रोटी एक तरफ ज्यादा समय तक रह जाए, तो जल जाती है, इसलिए रोटी को उलटते-पलटते रहना चाहिए। ऐसे में, एक नया दल, एक नया व्यक्ति आकर इस 20 साल से पड़े तवे पर एक रोटी को बदलने की कोशिश करे, तो क्या उसे किसी की साजिश बताकर खारिज कर देना प्रजातांत्रिक मूल्यों का संवर्द्धन माना जाना चाहिए? प्रशांत किशोर बेसिकली एक डेटाक्रेट हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर जनसुराज के निर्माण के बीच, वे राजनीतिक दलों को चुनाव जिताने का ठेका लेते थे। एक हवा सी बनी देश में कि जिसके पास ज्यादा डेटा, वहीं चुनाव जीतेगा और पीके डेटा के मास्टर आदमी, तो नीतीश कुमार ने पहले उन्हें अपने चुनाव के लिए साथ लिया और बाद में अपनी पार्टी में शामिल कराया, लेकिन पीके महत्वाकांक्षी हैं


# उम्र बढ़ने का मस्तिष्क की विभिन्न कोशिकाओं पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसका मानचित्रण



नए शोध से पता चलता है कि सभी मस्तिष्क कोशिकाओं की उम्र समान नहीं होती है, कुछ कोशिकाएं, जैसे कि हाइपोथैलेमस, उम्र से संबंधित अधिक आनुवंशिक परिवर्तनों का अनुभव करती हैं।इन परिवर्तनों में न्यूरोनल सर्किटरी जीन में कम गतिविधि और प्रतिरक्षा-संबंधी जीन में बढ़ी हुई गतिविधि शामिल है। निष्कर्ष आयु-संवेदनशील मस्तिष्क क्षेत्रों का एक विस्तृत मानचित्र प्रदान करते हैं, जो इस बात की अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं कि उम्र बढ़ने से अल्जाइमर जैसे मस्तिष्क संबंधी विकार कैसे प्रभावित हो सकते हैं। यह शोध उम्र बढ़ने से संबंधित मस्तिष्क परिवर्तनों और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों को लक्षित करने वाले उपचार के विकास का मार्गदर्शन कर सकता है। महत्वपूर्ण तथ्योंः असमान उम्र बढ़नाः हाइपोथैलेमिक न्यूरॉन्स और वेंट्रिकल-लाइनिंग कोशिकाएं उम्र से संबंधित सबसे बड़े आनुवंशिक परिवर्तन दिखाती हैं। जीन गतिविधि में बदलावः उम्र बढ़ने से न्यूरोनल सर्किट जीन कम हो जाते हैं लेकिन प्रतिरक्षा संबंधी जीन बढ़ जाते हैं।चिकित्सीय क्षमताः उम्र के प्रति संवेदनशील कोशिकाओं का मानचित्रण उम्र बढ़ने से संबंधित मस्तिष्क रोगों के उपचार की जानकारी दे सकता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) द्वारा वित्त पोषित नए ब्रेन मैपिंग शोध के आधार पर, वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि मस्तिष्क में सभी प्रकार की कोशिकाएँ एक ही तरह से पुरानी नहीं होती हैं। उन्होंने पाया कि कुछ कोशिकाएं, जैसे कि हार्मोन-नियंत्रित करने वाली कोशिकाओं का एक छोटा समूह, दूसरों की तुलना में आनुवंशिक गतिविधि में उम्र से संबंधित अधिक परिवर्तनों से गुजर सकती हैं। नेचर में प्रकाशित परिणाम इस विचार का समर्थन करते हैं कि कुछ कोशिकाएं दूसरों की तुलना में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया और उम्र बढ़ने के मस्तिष्क संबंधी विकारों के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। यह एक मस्तिष्क को दशार्ता है. पिछले अध्ययनों की तरह, प्रारंभिक परिणामों में न्यूरोनल सर्किट से जुड़े जीन की गतिविधि में कमी देखी गई। श्रेयः तंत्रिका विज्ञान समाचार ह्लअल्जाइमर रोग और कई अन्य विनाशकारी मस्तिष्क विकारों के लिए उम्र बढ़ना सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। ये परिणाम एक अत्यधिक विस्तृत मानचित्र प्रदान करते हैं जिसके लिए मस्तिष्क की कोशिकाएं उम्र बढ़ने से सबसे अधिक प्रभावित हो सकती हैं।₹ ₹यह नया नक्शा वैज्ञानिकों के सोचने के तरीके को मौलिक रूप से बदल सकता है कि उम्र बढ़ने का मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ता है और यह उम्र बढ़ने से संबंधित मस्तिष्क रोगों के लिए नए उपचार विकसित करने के लिए एक मार्गदर्शिका भी प्रदान कर सकता है।₹ वैज्ञानिकों ने 2 महीने के ₹युवा₹ और 18 महीने के ₹बूढ़े₹ चूहों के मस्तिष्क में व्यक्तिगत कोशिकाओं का अध्ययन करने के लिए उन्नत आनुवंशिक विश्लेषण उपकरणों का उपयोग किया। प्रत्येक उम्र के लिए, शोधकताओं ने 16 अलग-अलग व्यापक क्षेत्रों में स्थित विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं की आनुवंशिक गतिविधि का विश्लेषण किया - जो कि चूहे के मस्तिष्क की कुल मात्रा का 35% है। पिछले अध्ययनों की तरह, प्रारंभिक परिणामों में न्यूरोनल सर्किट से जुड़े जीन की गतिविधि में कमी देखी गई। ये कमी न्यूरॉन्स, प्राथमिक सर्किट्री कोशिकाओं, साथ ही एस्ट्रोसाइट्स और ऑलिगोडेंड्रोसाइट्स नामक ₹ग्लिअल₹ कोशिकाओं में देखी गई, जो न्यूरोट्रांसमीटर के स्तर को नियंत्रित करने और तंत्रिका फाइबर को विद्युत रूप से इन्सुलेट करके तंत्रिका सिग्नलिंग का समर्थन कर सकती हैं। इसके विपरीत, उम्र बढ़ने से मस्तिष्क की प्रतिरक्षा और सूजन प्रणालियों के साथ-साथ मस्तिष्क रक्त वाहिका कोशिकाओं से जुड़े जीन की गतिविधि में वृद्धि हुई। आगे के विश्लेषण से यह पता लगाने में मदद मिली कि कौन सी कोशिकाएँ उम्र बढ़ने के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, परिणामों ने सुझाव दिया कि उम्र बढ़ने से मस्तिष्क के कम से कम तीन अलग-अलग हिस्सों में पाए जाने वाले नवजात न्यूरॉन्स का विकास कम हो जाता है। पिछले अध्ययनों से पता चला है कि इनमें से कुछ नवजात न्यूरॉन्स सर्किट्री में भूमिका निभा सकते हैं जो सीखने और स्मृति के कुछ रूपों को नियंत्रित करते हैं जबकि अन्य चूहों को विभिन्न गंधों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।जो कोशिकाएं उम्र बढ़ने के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील प्रतीत होती हैं, वे तीसरे वेंट्रिकल को घेर लेती हैं, एक प्रमुख पाइपलाइन जो मस्तिष्कमेरु द्रव को हाइपोथैलेमस से गुजरने में सक्षम बनाती है। चूहे के मस्तिष्क के आधार पर स्थित, हाइपोथैलेमस पैदा करता हैहार्मोन जो तापमान, हृदय गति, नींद, प्यास और भूख सहित शरीर की बुनियादी जरूरतों को नियंत्रित कर सकते हैं। परिणामों से पता चला कि हाइपोथैलेमस में तीसरे वेंट्रिकल और पड़ोसी न्यूरॉन्स को अस्तर करने वाली कोशिकाओं में उम्र के साथ आनुवंशिक गतिविधि में सबसे बड़ा बदलाव होता है, जिसमें प्रतिरक्षा जीन में वृद्धि और न्यूरोनल सर्किटरी से जुड़े जीन में कमी शामिल है। अवलोकन कई अलग-अलग जानवरों पर किए गए पिछले अध्ययनों से मेल खाते हैं, जिनमें उम्र बढ़ने और शरीर के चयापचय के बीच संबंध दिखाया गया है, जिसमें यह भी शामिल है कि कैसे रुक-रुक कर उपवास और अन्य कैलोरी-प्रतिबंधित आहार जीवन काल को बढ़ा सकते हैं। विशेष रूप से, हाइपोथैलेमस में आयु-संवेदनशील न्यूरॉन्स भोजन और ऊर्जा-नियंत्रित हार्मोन का उत्पादन करने के लिए जाने जाते हैं, जबकि वेंट्रिकल-लाइनिंग कोशिकाएं मस्तिष्क और शरीर के बीच हार्मोन और पोषक तत्वों के पारित होने को नियंत्रित करती हैं। निष्कर्षों के अंतर्निहित जैविक तंत्र की जांच करने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के किसी भी संभावित लिंक की खोज के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।₹इस अध्ययन से पता चलता है कि विश्व स्तर पर मस्तिष्क की अधिक जांच करने से वैज्ञानिकों को मस्तिष्क की उम्र कैसे बढ़ती है और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग सामान्य उम्र बढ़ने की गतिविधि को कैसे बाधित कर सकते हैं, इस बारे में नई जानकारी मिल सकती है।₹ चूहों में स्वस्थ उम्र बढ़ने के मस्तिष्क-व्यापी कोशिका-प्रकार के विशिष्ट ट्रांसक्रिप्टोमिक हस्ताक्षर जैविक उम्र बढ़ने को आणविक और सेलुलर कार्यों के विभिन्न पहलुओं में होमोस्टैसिस के क्रमिक नुकसान के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। स्तनधारी मस्तिष्क में हजारों प्रकार की कोशिकाएँ होती हैं, जो उम्र बढ़ने के प्रति अलग-अलग रूप से संवेदनशील या लचीली हो सकती हैं।यहां हम एक व्यापक एकल-कोशिका आरएनए अनुक्रमण डेटासेट प्रस्तुत करते हैं जिसमें अग्रमस्तिष्क, मध्यमस्तिष्क और पश्चमस्तिष्क तक फैले क्षेत्रों से युवा वयस्क और दोनों लिंगों के वृद्ध चूहों की मस्तिष्क कोशिकाओं के लगभग 1.2 मिलियन उच्च-गुणवत्ता वाले एकल-कोशिका ट्रांस्क्रिप्टोम शामिल हैं। सभी कोशिकाओं के उच्च-रिज़ॉल्यूशन क्लस्टरिंग के परिणामस्वरूप 847 सेल क्लस्टर बनते हैं और कम से कम 14 आयु-पक्षपाती क्लस्टर का पता चलता है जो अधिकतर ग्लियाल प्रकार के होते हैं। व्यापक सेल उपवर्ग और सुपरटाइप स्तरों पर, हम उम्र से जुड़े जीन अभिव्यक्ति हस्ताक्षर पाते हैं और कई न्यूरोनल और गैर-न्यूरोनल सेल प्रकारों के लिए 2,449 अद्वितीय विभेदित रूप से व्यक्त जीन (आयु-डीई जीन) की एक सूची प्रदान करते हैं। जबकि अधिकांश आयु-डीई जीन विशिष्ट कोशिका प्रकारों के लिए अद्वितीय होते हैं, हम कोशिका प्रकारों में उम्र बढ़ने के साथ सामान्य हस्ताक्षर देखते हैं, जिसमें कई न्यूरॉन प्रकारों, प्रमुख एस्ट्रोसाइट प्रकारों और परिपक्व ऑलिगोडेंड्रोसाइट्स में न्यूरोनल संरचना और कार्य से संबंधित जीन की अभिव्यक्ति में कमी शामिल है। प्रतिरक्षा कोशिका प्रकारों और कुछ संवहनी कोशिका प्रकारों में प्रतिरक्षा कार्य, एंटीजन प्रस्तुति, सूजन और कोशिका गतिशीलता से संबंधित जीन की अभिव्यक्ति में वृद्धि।

अंत में, हम देखते हैं कि कुछ कोशिका प्रकार जो उम्र बढ़ने के प्रति सबसे बड़ी संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हैं, वे हाइपोथैलेमस में तीसरे वेंट्रिकल के आसपास केंद्रित होते हैं, जिनमें टैनीसाइट्स, एपेंडिमल कोशिकाएं और आर्कुएट न्यूक्लियस, डॉर्सोमेडियल न्यूक्लियस और पैरावेंट्रिकुलर न्यूक्लियस में कुछ न्यूरॉन प्रकार शामिल हैं जो जीन को व्यक्त करते हैं। विहित रूप से ऊर्जा होमियोस्टैसिस से संबंधित। इनमें से कई प्रकार न्यूरोनल फंक्शन में कमी और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में वृद्धि दोनों को दशार्ते हैं। इन निष्कर्षों से पता चलता है कि हाइपोथैलेमस में तीसरा वेंट्रिकल चूहे के मस्तिष्क में उम्र बढ़ने का केंद्र हो सकता है। कुल मिलाकर, यह अध्ययन सामान्य उम्र बढ़ने से जुड़े मस्तिष्क में कोशिका-प्रकार-विशिष्ट ट्रांसक्रिप्टोमिक परिवर्तनों के एक गतिशील परिदृश्य को व्यवस्थित रूप से चित्रित करता है जो उम्र बढ़ने में कार्यात्मक परिवर्तनों और उम्र बढ़ने और बीमारी की बातचीत की जांच के लिए एक आधार के रूप में काम करेगा।

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित

दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित

प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या नई बीमारी को मात दे पाएगा भारत?

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियां सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढांचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। – *सौरभ शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### ओहायो में अक्टूबर 'हिंदू विरासत माह' नामित

ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने अमेरिकी राज्य में अक्टूबर को 'हिंदू विरासत माह' के रूप में नामित करने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। इस विधेयक पर बुधवार को डेविन ने राज्य के पूर्व सीनेटर नीरज अंतानी एवं कई अन्य सामुदायिक नेताओं की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। अंतानी पिछले वर्ष इस विधेयक के मुख्य प्रायोजक और प्रस्तावक थे। अंतानी ने कहा, 'मैं अक्टूबर महीने को ओहायो में 'हिंदू विरासत माह' के रूप में नामित करने संबंधी इस विधेयक पर हस्ताक्षर करने के लिए गवर्नर डेविन का बहुत आभारी हूं।



## ऑफ बीट

### जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा

जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है।



## ट्रेंड

### सुविधाओं का निजीकरण



मैं हमेशा से कहता आया हूं कि ये बीजेपी के लोग दिल्ली की बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सारी सुविधाओं का निजीकरण कर देंगे। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की अरबों रुपये की ज़मीनें ये अपने दोस्त को गिफ्ट कर देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### मेरी हार्दिक संवेदना



तिरूपति में हुई भगदड़ अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह करता हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारत-स्विस सहयोग



भारत-स्विस द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश संयुक्त रूप से जीवन विज्ञान, दवाओं, मानव स्वास्थ्य, आईटी, सामग्री विज्ञान, नैनोटेक्नोलॉजीज आदि में अनुसंधान परियोजनाओं को वित्त पोषित कर रहे हैं।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### दूसरों को ऊपर उठाएं



यह विडम्बना है कि जिन लोगों ने कुछ भी हासिल नहीं किया, वे उन लोगों की आलोचना करते हैं जो अथक परिश्रम करते हैं। वास्तविक शक्ति दूसरों को गिराने में नहीं, बल्कि उन्हें ऊपर उठाने में है।

- उर्वशी रौतेला, अभिनेत्री

## संक्षेप


### बांदा में बंद कमरे में अंगीठी से दम घुटा

अमन लेखनी समाचार

बांदा, शहर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में डीएलएड की फाइनल ईयर छात्रा की मौत हो गई। रात को प्रियंका शुक्ला (21) और उनकी मां देवकुमारी शुक्ला (46) ने बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोने की कोशिश की। वेंटिलेशन की कमी के कारण दोनों बेसुध हो गए। देर रात करीब 10 बजे, जब मामा के बेटे के फोन का जवाब नहीं मिला, तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर देखा गया। दोनों को बेहोश हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। देवकुमारी की हालत गंभीर बनी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, बंद कमरे में अंगीठी जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है और ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। इस तरह के हादसे पहले भी हो चुके हैं, लेकिन लोग सावधानी नहीं बरतते। प्रियंका के पिता डॉ. निलेश शुक्ला का देहांत 20 साल पहले हो चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हसनपुर में अनाथों को नही मिल रही प्रशासन से मदद

अमन लेखनी समाचार



**माता – पिता सहित दादा की हो गई है मृत्यु, बुजुर्ग दादी कर रही पालन**

हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर तहसील से मात्र 3 किलोमीटर दूर आगापुर उर्फ याकूबपुर गांव में तीन मासूम बच्चों की दर्दभरी कहानी सामने आई है। अंश, वंश और अंशिका के पिता सतपाल की 8 साल पहले बीमारी से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनकी मां बबली की भी 7 महीने पहले लकवे के कारण मौत हो गई। बच्चों की देखभाल का जिम्मा अब दादा विक्रम सिंह और दादी जगवती के कंधों पर था, लेकिन डेढ़ महीने पहले टीबी की बीमारी के चलते दादा की भी मृत्यु हो गई। अब दादी जगवती के साथ ये तीनों बच्चे दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में इन बच्चों के पास न तो पर्याप्त कपड़े हैं और न ही रजाई, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दादी जगवती ने बताया कि गांव के लोग जो खाना देते हैं, वही खा लेते हैं। गांव वाले मदद करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े परिवार का खर्च उठाना उनके लिए भी मुश्किल है। परिवार ने प्रधान से आवास के लिए गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली है। बुजुर्ग दादी के लिए काम करना भी मुश्किल हो गया है और दलित परिवार को न तो सरकारी मदद मिल रही है और न ही समाज से कोई विशेष सहयोग। परिवार की दयनीय स्थिति को और भी कष्टप्रद बना रही है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुआ समारोह

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र बहराइच द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस समरोह (स्वामी विवेकानन्द जयंती) का आयोजन श्री मानस इंटर कॉलेज, विशुनपुर राहू में किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न युवा महिला मंडलों के युवको/युवतियों ने प्रतिभाग किया। विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में भाषण निबन्ध,लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति सिंह वरिष्ठ शिक्षिका व समाजसेवी तथा विशिष्ठ अतिथि उमेश चन्द्र मिश्र अध्यक्ष जनहित फाउंडेशन व प्राचार्य रमेश चन्द्र मिश्र व रामदुलारे वर्मा शिक्षक विनोद कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, अनामिका वर्मा, अराधना मिश्रा, मोहम्मद उस्मान, सतीश प्रजापति व इन्द्रसेन चौधरी ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर मल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने स्वामी जी के जीवन परिचय व आदर्शों के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। विशिष्ठ अतिथि उमेश चन्द्र मिश्र व रमेश चन्द्र मिश्र ने स्वामी जी के आदर्शों व उनके द्वारा किए महान कार्यों के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी युवकों युवतियों को पुरुस्कृत कर उत्साह वर्धन किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिए लाइव प्रसारण को दिखाया गया तथा उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अन्त में केन्द्र के लेखा एवं कार्यक्रम प्रवेक्षक ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अतिथिगण एवं प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया गया।

# नायब तहसीलदार ने देर रात किया रुकनापुर कामन सर्विस सेन्टर का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। शनिवार देर रात को नायब तहसीलदार हुजूरपुर विशेश्वर शर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल रोहित पाल के साथ फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा के लिए रुकनापुर स्थित इरफान कॉमन सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्ट्री कार्य की स्थिति का जायजा लिया और अधिक से अधिक किसानों की रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र के कर्मियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध तरीके से किसानों की रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरा करें ,ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही मौके पर मौजूद रूकनापुर खुर्द के कोटेदार मेराज अहमदी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के समस्त किसानों की शत प्रतिशत रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरा कराएं। किसानों को योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं को भी सुना गया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने समयबद्धता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर किसान मो जावेद, मो आरिफ,मो जाकिर, सईदुर्रहमान आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन का नया नेतृत्व



**डीएम ने दिलाई नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ, एमएलसी ने जताई प्रशासन से नाराजगी**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी जिले के गौरीगंज कलेक्ट्रेट परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह और विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह समेत कई अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। डीएम ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि वादकारियों को न्याय दिलाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे शपथ के हर शब्द को जन सेवा में लगाएं। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने जिले के कुछ अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं और फरियादियों को न्याय के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से इस मामले की समीक्षा करने की मांग की। समारोह में मुसाफिरखाना, तिलोई और अमेठी तहसील के बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए, जिनमें सूर्या तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, जनार्दन प्रसाद शुक्ला, उमाशंकर मिश्रा और शीतला प्रसाद मिश्रा प्रमुख थे।

# ग्रामीण की सड़क पर ठंड से मौत

### सुल्तानपुर में रैन बसेरा खाली रहा, पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो डाली

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, जिला प्रशासन द्वारा स्थापित दो अस्थाई रैन बसेरों के खाली रहने की विडंबना तब सामने आई, जब एक भिक्षुक की सड़क पर ठंड से मौत हो गई। कोतवाली नगर के पांचोपीरन क्षेत्र में दोपहर के समय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जिसे स्थानीय लोगों ने पहले भी क्षेत्र में भीख मांगते देखा था। कोतवाली नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पहचान के प्रयास किए। शिनाख्त न होने पर शव को मर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीर साझा की है। प्रारंभिक जांच में कोल्ड अटैक को मौत का कारण माना जा रहा है, हालांकि नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह के अनुसार मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। यह घटना जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, जहां कंबल वितरण और रैन बसेरा जैसी सुविधाएं होने के बावजूद जरूरतमंद लोगों तक मदद नहीं पहुंच पा रही है।

## बैंक कर्जदारों पर कसा शिकंजा



**सुल्तानपुर में पूर्व मंत्री के रिश्तेदार समेत कई बकायेदारों को अल्टीमेटम, कुर्की की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, बैंक ऋण के बकायेदारों पर बड़ी कार्रवाई हुई। राजस्व विभाग और बैंक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कई बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठानों का दौरा किया। इनमें पूर्व मंत्री के रिश्तेदार का प्रिंटिंग प्रेस भी शामिल था। टीम में इंडियन बैंक के डीजीएम के साथ दरियापुर और विकास भवन शाखा के मैनेजर शामिल थे। टीम ने गन्दा नाला रोड स्थित जोया क्लॉथ हाउस और जीएन रोड पर एहतेशाम क्लॉथ हाउस सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। वसूली इंचार्ज भृगु देव तिवारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर बकाया राशि जमा नहीं की गई तो गिरफ्तारी और कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। वसूली टीम में सत्यनारायण यादव और राजेश गुप्ता भी मौजूद थे। इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

# नाबालिग बच्चों की डीएम से गुहार

### जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत, हर महीने 4 हजार रुपए दिए जाएंगे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान दो नाबालिग भाई, 10 वर्षीय आनंद तिवारी और 11 वर्षीय आमोद तिवारी अपनी समस्या लेकर जिलाधिकारी महोदया के समक्ष पहुंचे। बच्चों की स्थिति देखकर जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्या और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए स्पॉन्सरशिप योजना के तहत आवेदन करवाया। इस योजना के अंतर्गत बच्चों को प्रति माह 4000 रुपये आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे उनकी शिक्षा बाधित न हो। चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर रोशन, और रुचि सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को उनके घर पहुंचाया। वहां जाकर यह पाया गया कि बच्चों के माता-पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि बच्चों के पड़ोसी राजेंद्र ओझा ने घर की बांस-बल्ली खोलकर फेंक दी थी, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस मामले की सूचना टीकरमाफी पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस हस्तक्षेप के बाद राजेंद्र ओझा ने विवाद समाप्त करने और पक्की दीवार बनवाने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी की पहल और चाइल्ड हेल्पलाइन की त्वरित कार्रवाई से न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई बल्कि उनकी शिक्षा और भविष्य के प्रति भी ठोस कदम उठाए गए।

# आमरण अनशन पर बैठे बिजली कर्मचारी

### 4 माह से बकाया वेतन समेत 8 सूत्रीय मांगें, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



बांदा, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने काम बंद कर अपनी मांगों को अनशन पर बैठ गए। साथ ही प्रदेश सरकार को सख्त चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की जाएगी तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर बैठ जाएंगे। कर्मचारियों ने बताया है कि उनका 4 माह से वेतन नहीं मिला है साथ ही 8 सूत्रीय मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं। जिला मुख्यालय में पेंशन पर बैठे उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के नेतृत्व में आज सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को शक्ति चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रदेश संगठन मंत्री अरुण बहादुर सिंह यादव ने बताया कि 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल चल रहा है। जिसमें हमारी प्रमुख मांग है कि हमें 3 से 4 महीने का वेतन नहीं दिया गया जिसकी वजह से हमें काफी सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि लगातार लिखित और मौखिक रूप में संविदा कर्मचारियों को समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया और आश्वासन दिया गया था कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इसके बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। लेकिन अनुचित तरीके से संविदा कर्मचारियों की छटनी की जा रही है। जिससे संविदा कर्मियों में रोष व्याप्त है। वहीं उन्होंने चेतावनी दिखी 10 तारीख तक यदि संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह समस्त कर संविदा कर्मी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर बैठ जाएंगे।

अधीक्षण अभियंता नंदराम ने बताया कि पहले शासन के निर्देश पर कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, जिसके बाद अब छंटनी की जा रही है, जिसके वजह से ये कर्मचारी हमारे ऑफिस में धरना दे रहे हैं,

जबरन दबाव बना रहे हैं, पैसे लेकर नौकरी देने के सवाल पर कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं, इनका वेतन जो शेष होगा वो दिलाया जाएगा।

# नए एसपी ने दिखाया जबरदस्त एक्शन

### चार्ज लेने के कुछ घंटों बाद ही रात को थाने पहुंचे, कन्नौज से आए हैं अमरोहा

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, आईपीएस अमित कुमार आनन्द ने शाम अमरोहा के एसपी का पदभार संभाला और कुछ ही घंटों में अपनी कार्यशैली का परिचय दे दिया। कन्नौज से स्थानांतरित होकर आए अमित कुमार आनन्द ने आधी रात को डिडौली थाने का औचक निरीक्षण किया। नए एसपी की नियुक्ति कुंवर अनुपम सिंह के स्थानांतरण के बाद हुई है। अमित कुमार आनन्द कानून व्यवस्था के मामले में सख्त रवैया रखने के लिए जाने जाते हैं। मुरादाबाद और मेरठ में अपनी पूर्व तैनाती के दौरान उन्होंने कई बड़े मामलों का खुलासा किया और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा। डिडौली थाने के निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी के कार्यालय में बैठकर अभिलेखों, ड्यूटी रजिस्टर और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह को कड़े निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रखें और ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नए एसपी का यह आकस्मिक निरीक्षण जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है।

# नाबालिग से गैंगरेप के तीन आरोपी गिरफ्तार

### 13 साल की किशोरी को 3 दिन तक बंधक बनाया, फरार आरोपी की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, गौरीगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 26 दिसंबर को 13 वर्षीय किशोरी को चार युवकों ने एक घर में बंधक बनाकर तीन दिनों तक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने 1 जनवरी को परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और कोर्ट में बयान दर्ज करवाने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की। देर रात पुलिस ने तीन आरोपियों - दोस्तपुर निवासी साहिल यादव , खरांवा निवासी, शेखर सिंह और सुरजीत सिंह उर्फ तूफान सिंह को उनके घरों के पास से गिरफ्तार किया। गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वर्तमान में पुलिस गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाही में जुटी हुई है।

# शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था मेरी प्राथमिकता

### अमरोहा के नए एसपी बोले – महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराएंगे

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, नवागंतुक एसपी अमित कुमार आनन्द ने दोपहर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि अपराधियों को जेल भेजना, महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराना सहित आदि कानून व्यवस्था को लेकर तेजी के साथ काम किया जाएगा। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही अमरोहा के नवागंतुक एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि अब अमरोहा में मिशन शक्ति अभियान की रफ्तार को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अमरोहा में जल्द माफियाओं, डग्गामार वाहन संचालकों और अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इसके साथ ही जनपद को अपराध मुक्त बनाने में काम किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश देने की बात कही है। इसके साथ ही एसपी ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों को सूचित किया गया है कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधियों को गंभीरता से लें और कड़ी कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ जल्द ही कार्यवाही करने की बात कही है।

## संक्षेप

### पीड़ित के गैरमौजूदगी में आपूर्ति अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी ने लगा दिया रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रामपुर में कोटे के चयन में किए गए धांधली को लेकर पीड़िता गुड़िया ने मुख्यमंत्री जनता दर्शन में मिल कर एवं पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया था। जिसमें आपूर्ति निरीक्षक एवं उपजिलाधिकारी सहजनवां को जांच की जिम्मेदारी दी गई। लेकिन आपूर्ति निरीक्षक एवं उपजिलाधिकारी ने विपक्षी से मिलकर कुछ सत्ता पक्ष के लोगो के प्रभाव में आकर ग्रामीणों का हस्ताक्षर कराकर धांधली को सत्य रूप देने की कोशिश की गई है। जब की शिकायतकर्ता को आपूर्ति निरीक्षक उपजिलाधिकारी ने विश्वास में लिए बिना अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जिससे पीड़िता बहुत आहत है। और प्रशासन से जांच रिपोर्ट रद्द करने की मांग किया है। बताते चले कि खुली बैठक में दोनों प्रत्याशियों को 188 और 188 लोगो ने हाथ उठा कर समर्थन किया था। लेकिन बैठक में शामिल अधिकारी सत्ता पक्ष के दवाब में अपने चहेते को कोटादार बना चाह रहे थे। जिससे चयन प्रक्रिया की रूपरेखा तैया नहीं किया जा सका था।

### अचानक आया बाइक चालक तो पलट गया बोलेरो

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र नगर पंचायत घघसरा बखिरा मार्ग हड़ही गांव के पास रविवार को सायं समय लगभग 3 बजे बोलेरो के सामने अचानक बाइक चालक किशोर के सामने आ जाने से किशोर को बचाने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट कर खड़ा हो गया। वहीं बाइक सवार किशोर तुरंत फरार हो गया। बोलेरो में सवार सभी लोग हल्का-फुल्का चोटिल हुए हैं और बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि गोरखपुर जिला के थाना गोला के ग्राम बंकुल गोपालपुर निवासी योगेन्द्र कन्नौजिया संत कबीर नगर जिला के बेलौहां बाजार लड़की के वहां खिचड़ी का त्योहारी लेकर गये थे। वापस लोटते समय यह हादसा हो गया। बोलेरो में योगेन्द्र कन्नौजिया, रामसमुझ, रवि, संध्या और बोलेरो चालक शाह आलम सहित पांच लोग सवार थे जिनको जिनको हल्की चोटें लगी थी जिनका इलाज एक प्राइवेट हॉस्पिटल में किया गया और वहां से उनको फिर छोड़ दिया गया।

### लकी हत्याकांड में किसने बरामद कराई लाश

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मोदीपुरम में घर के बाहर से अगवा कर नौ साल के लकी की हत्या में पुलिस कई एंगल पर जांच कर रही है। लकी की मां को फोन करके किसी ने बताया था कि उनके बेटे की लाश कुंए में पड़ी है। ऐसे में पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि आखिर किसने लकी की मां को कॉल किया था।

# एकजुट होगा ब्राह्मण तभी बचेगा अस्तित्व और सम्मान-प्रभाकर दुबे

अमन लेखनी समाचार



पीपीगंज, गोरखपुर। पूर्वांचल ब्राह्मण एकता मंच की रविवार को पीपीगंज में आयोजित विप्र समागम के मुख्य अतिथि एवं घघसरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि वर्तमान परिवेश में यदि ब्राह्मण एकजुट नही हुआ तो न उसका सम्मान बचेगा और न ही अस्तित्व।ऐसी स्थिति में हम सभी को आपसी सारे मन मुटाव और मतभेद भूलकर एकजुट होकर ब्राह्मण समाज के हर एक परिवार को जोड़ते हुए सभी जरूरतमंदों और पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं के साथ साथ उनके आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए स्वयं आगे आना पड़ेगा, इस पुनीत कार्य में मुझसे जो भी सहयोग की जरूरत होगी हम हमेशा अपने समाज के पूरी ईमानदारी और मजबूती से करूंगा। जबकि विप्र समागम की अध्यक्षता कर रहे राखुखोर के पूर्व ग्राम प्रधान राजेश पांडेय ने कहा कि आगामी अप्रैल माह में भगवान परशुराम जी के जयंती अवसर पर पूरे विधान सभा क्षेत्र में विशाल जनजागरण रैली निकालकर विप्र समाज को एकजुट करते हुए हर घर पर भगवान परशुराम जी की विजय पताका फहराकर पूरे धूमधाम से मनाने का लक्ष्य रखा गया है।इसके पूर्व संगठन का पंजीकरण, प्रत्येक ग्राम सभा से लेकर ब्लाक तहसील एवं जिले की इकाइयों के गठन किये जाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। विप्र समागम में मुख्य रूप से राकेश मिश्रा, केशव पांडेय, रवि दुबे, पूर्व प्रधान अवधेश मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, पवन मिश्रा, आनंद वर्धन पाठक ने अपने विचार साझा करते हुए समाज को एकजुट करते हुए उनके आर्थिक, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सभी प्रकार के जरूरी सहयोग का संकल्प लिया।सामगम के मुख्य अतिथि रहे घघसरा के चेयरमैन प्रभाकर दुबे एवं अन्य वरिष्ठ एवं विशिष्ट अतिथियों का मंच के लोगो द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जबकि भजन गायक चन्द्र प्रकाश एवं आकाश तिवारी ने भगवान परशुराम की आराधना करते हुए ब्राह्मणों को एकजुट करने के लिए गीत एवं संगीत के माध्यम से सभी को रोमांचित कर दिया।विप्र समागम का संचालन राकेश मिश्रा एवँ अध्यक्षता राजेश पांडेय ने किया।सामगम में मुख्य रूप से सच्चिदानंद त्रिपाठी, कैम्पियरगंज तहसील बार एशोशिएशन के अध्यक्ष सुनील मिश्रा, नेतवर के पूर्व ग्रामप्रधान, विनोद तिवारी, रवि तिवारी, सतीश तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, कृपा शंकर मिश्रा, पवन मिश्रा शेर तिवारी, राजा मिश्रा, अशोक तिवारी, पंकज दुबे, पल्लू पांडे, चन्द्र मौली त्रिपाठी, दिलीप मिश्रा अभिषेक तिवारी सहित क्षेत्र के विप्रो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# ठण्ड से बचाव के लिए गरीब और निराश्रितों में कम्बल वितरित

## गरीबों व जरुरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : रामलक्ष्मण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर क दुर्बल स्मारक ग्रामीण शिक्षा एवं सेवा संस्थान के तत्वाधान व माँ भोना देवी के स्मृति में रविवार को ग्राम गढ़वारामपुर के महुआपार टोला में 300 गरीब और निराश्रित लोगों में ऊनी कंबल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हियुवा के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री व प्रवक्ता राम लक्ष्मण ने कहा कि गरीबों व जरुरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है उन्होंने कहा कि दुर्बल स्मारक ग्रामीण शिक्षा एवं सेवा संस्थान हमेशा से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता आया है, उसी कड़ी में यह एक छोटा सा प्रयास है। आगे उन्होंने कहा कि हम सब इस समाज से बहुत कुछ लेते है और हमारा ये फर्ज है कि हमें जितना मिला है उसका कुछ अंश इस समाज को जरूर लौटाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंगई प्रसाद व सञ्चालन जितेन्द्र भारत ने किया क इस अवसर पर प्रवक्ता संतोष कुमार, चिंतामणि साहनी, अभयनाथ यादव, सुनीत कुमार, लखन जायसवाल, रवि रावत, राजेश कुमार, छेदी प्रसाद, गब्बू लाल एडवोकेट, दूधनाथ, फेकू प्रसाद, अभय सोनकर, सत्यम यादव, विनोद कुमार, हिमाशु पासवान, मोहम्मद आशिफ, पुष्पा देवी, अरुण कुमार गौतम, आवेन्द्र प्रताप मल्ल, शोभा देवी, मंतोष कुमार, वृजेश कारुष, बृजलाल पटवा, अशोक यादव, लौंगा देवी, राजमती देवी, अजोरा देवी, फूला देवी, पुष्पा देवी, धर्मी देवी, तिलेसरा देवी, शांती देवी आदि मौजूद रहें

# बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए स्कूल में हवन

## शिकारपुर के हैप्पी ब्लू बर्ड स्कूल में 10वीं-12वीं के छात्रों के लिए विशेष आयोजन

संवाददाता

शिकारपुर, स्थित हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 और 12 के छात्रों की आगामी बोर्ड परीक्षाओं की सफलता के लिए विशेष हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक शलभ अग्रवाल और डॉ. सारिका अग्रवाल के नेतृत्व में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बी.डी. शर्मा, स्कूल इंचार्ज अरुण कौशिक और जूनियर इंचार्ज प्रीति पाठक सहित विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने छात्रों के साथ हवन में आहुतियां दीं। इस दौरान सभी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की कामना की। कार्यक्रम में कार्यक्रम इंचार्ज अमन सैफी, ओ.पी. वर्मा, राजकुमार, दिग्विजय, ललित, तूबा, विनीता शर्मा, स्वाति दूबे, दीपक चौधरी, मोहम्मद उस्मान और गुंजन शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# फार्मर रजिस्ट्री की वेबसाइट बहुत धीमी चलने से सैकड़ों किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक अंतर्गत रविवार को ग्राम पंचायत बड़गहन में फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए आयोजित कैम्प में किसानों को वेबसाइट बंद होने के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ा। कर्मचारी बताते हैं कि साइट धीमी चल रही है, जिससे किसानों का फार्मर रजिस्ट्री की वेबसाइट बंद होने से सैक्डो किसान परेशान। आस्था जन सेवा केन्द्र पर आयोजित कैम्प मे रविवार को फॉर्मर रजिस्ट्री कराने पहुॅचें किसानों को वेबसाइट बंद होने से भारी समस्या का सामना करना पडा। आस्था जन सेवा केन्द्र के संचालक -रविकान्त उर्फ लालू व कृषि विभाग के कर्मचारी बलवंत यादव, शैलेश सिंह, तथा हल्का लेखपाल धर्मेंद्र यादव ने बताया कि कार्य साइट धीमी चलने की वजह से बेहद धीमी गति में हो रहा है। जिसकी वजह से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्री की साइट बेहद धीमी गति से चल रही है, जिसकी वजह से किसान रात भर जग कर केवाईसी कराने के लिए परेशान हैं लेकिन उनका पूरा दिन खराब हो रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के लिये कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग व राजस्व विभाग के अतिरिक्त विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पहुॅचें। आयोजित कैंप में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य राजस्व, कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा कराया जा रहा था। सुबह से ही सचिवालय पर किसानों का आना शुरू हो गया था। लेकिन वेबसाइट बंद होने के कारण किसानों को बिना कार्य पूरा कराये ही वापस लौटना पडा। किसानों ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री की साइट बेहद धीमी गति से चल रही है, जिसकी वजह से हम सब सुबह से रजिस्ट्री कराने के लिए परेशान हैं। हल्का लेखपाल धर्मेंद्र यादव ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र साइट जैसे खुली वैसे ही सभी किसानों से अपील की है कि सभी किसान घर जाये और जैसे ही साइट चली वैसे ही आप सभी को सूचना देकर बुला कर केवाईसी करा देंगे।

# केके कल्याण न्याय ट्रस्ट के पांचवें पुण्यतिथि पर गरीबों व दिव्यांगो में वितरित किया पाच सौ कंबल

## कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर खिल उठा गरिबों का चेहरा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। हरपुर बुदहट क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर मे केके कल्याण न्याय ट्रस्ट के द्वारा आयोजित कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष हाईकोर्ट के अधिवक्ता धर्मेंद्र शुक्ल ने कहा कि गरीबों व दिव्यांगों की मदद करना ही सबसे सच्ची व बड़ी श्रद्धांजलि है। और उन्होंने यह भी कहा कि गरीबों एवं असहायो में कंबल इसलिए वितरित किया गया कि ताकि उन्हें ठंड से निजात मिल सके।और यह कार्यक्रम हर वर्ष जरूरत मंदो में जारी रहेगा तथा साथ ही हर रविवार डाक्टर मिन्हाज आलम एमबीबीएस मेडिकल कॉलेज के द्वारा आम जनमानस का केवल 10 रुपए की पर्ची में सम्पूर्ण इलाज किया जाएगा।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी देवानंद शुक्ल और डाक्टर मिन्हाज आलम ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि समाज सेवा भी देश सेवा है। तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि गांव समाज के लिए हर समय और हर वक्त हर सम्भव सहायता आजीवन गरीबों का सहायता केके न्याय ट्रस्ट के माध्यम से किया जाएगा।इस अवसर पर राघवेन्द्र शुक्ल, इंद्रेश सिंह, भूपेंद्र त्रिपाठी, सोमनाथ मिश्रा, कृष्ण दत्त शुक्ल, झिन्कू शुक्ल, रामखेलावन शुक्ल, नीरज मिश्रा संरक्षक जेके गुप्ता, अजित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# भू-माफियाओं द्वारा जिगिना चौराहे पर फोरलेन कि जमीन पर अबैध कब्जा

## मजिस्ट्रेट के मना करने के बावजूद पुर्ण हुआ अबैध निर्माण का कार्य

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील से मात्र एक किमी0 के अन्दर सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के जिगिना चौराहे से भीटी रावत कि तरफ बढते ही फोरलेन पर थोड़ी जमीन खाली है, जिससे बाहन को मोड़ने में आसानी होती थी, लेकिन भुमाफियाओ के चंगुल से वह भी नही बची।पहले एक बिशाल लोहे कि गुमटी का निर्माण कराया जाता है, फिर एक महिने बाद दुसरी भी बड़ी गुमटी का निर्माण कराया जाता है, तत्पश्चात पहले वाली गुमटी में चारो तरफ पक्के इट से पक्की दिवाल उचाई जो भी हो तैयार कराकर पक्का चबुतरा और हड्डी व खुन इकट्ठा करने के लिए दो पक्का हौज बनवाया गया है।निर्माण कार्य चल रहा था तभी मजिस्ट्रेट की गाड़ी आकर दस बीस इट उजड़वाकर अपनी डियूटी पुरी कर गयी थी।मजिस्ट्रेट के जाने के तुरंत बाद काम शुरू करा कर पुर्ण करा लिया गया। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार उसके अगल-बगल के लोग खाली पड़ी जमीन को अपनी बताकर मुर्गा मछली के दुकानदारो से मोटी रकम असुलते आ रहे है।अब और मोटी रकम कमाने के चक्कर में जमीन किसी ऐसे व्यक्ति को भाड़े पर दे दिया, जो भाड़े पर आदमी रख कर मुर्गा मछली कि दुकान चलवाता है। इस निर्माण के हो जाने से चौराहे से गाड़ी मुडने में आये दिन दिक्कत हो रही है। आये दिन जाम कि स्थित बनी रहती है। जिससे चौराहे के लोग काफी आक्रोश में है। नाम न छापने कि शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया, कि पक्के हौज के निर्माण कि जानकारी होने पर पुरे चौराहे पर लोगो में तनाव का माहौल बना हुआ है।और लोग सरकार और शासन, प्रशासन को दोस दें रहे है।इस सम्बन्ध में जब उप जिलाधिकारी सहजनवां से जब बात हुई तो उन्होने जांच करा कर कारवाई करने को कहा है।

# सात कुंतल सत्तर किलो गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र में आज देर रात नारकोटिक्स विभाग व पुलिस ने हाईवे पर एक ट्रक से 07 कुंतल 70 किलो नाजायज गांजा बरामद कर दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।बरामद गांजे की की कीमत लगभग 04 करोड़ 45 लाख रुपये बताई गई है। तस्करों के पास से 02 मोबाइल व 16 हजार 680 नगद भी बरामद किया है। यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार आज शनिवार की देर रात पुलिस को प्रयागराज कानपुर हाईवे पर गांजा से भरे ट्रक निकलने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस व नारकोटिक्स विभाग ने सतर्कता दिखाते हुए कैनाल रोड बाईपास के पास चेकिंग शुरू की, इस दौरान थोड़ी देर बाद प्रयागराज की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रक रुकवाकर तलाशी ली। ट्रक को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने ट्रक पर लगे तिरपाल को खुलवाया। इस दौरान ट्रक में भूसे के साथ बोरियों में पुलिस को 07 कुंतल 70 किलो गांजा दो मोबाइल व 16 हजार 680 रुपये नगद बरामद हुआ। करीब बीस से पच्चीस बोरियों में भर कर गांजा को भूसे के बीच छिपा कर रखा गया था। बताया जा रहा है कि गांजे की इस खेप को आंध्र प्रदेश से हरियाणा ले जाया जा रहा है। इस दौरान चालक समेत एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर बताए जा रहे है। पकड़े गए गांजे की कीमत 04 करोड़ करीब 45 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस गांजा तस्करों से पूछताछ कर नेटवर्क खंगालने का प्रयास कर रही।

# डेंटल क्लीनिक में दिनदहाड़े चोरी

## मरीज बनकर आया चोर केबिन में कूदा, नकदी लेकर आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, गुलावठी शहर में एक डेंटल क्लीनिक में दिनदहाड़े चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। डॉ. राजेश वर्मा और डॉ. सौरभ वर्मा के रूट कैनाल सेंटर में एक व्यक्ति पहले मरीज बनकर आया।इलाज का खर्च पता करके चला गया। बाद में वहीं व्यक्ति डॉक्टर की गैरमौजूदगी में क्लीनिक में घुस गया।

चोर ने पहले डॉक्टर के मुख्य क्लीनिक की रेकी की। फिर उनके घर स्थित रूट कैनाल सेंटर में पहुंचा। केबिन बंद होने पर वह कूदकर अंदर घुसा और गल्ले में रखे करीब 6 हजार रुपए चुरा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही डॉ. सौरभ ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें चोर की पूरी करतूत कैद थी। डॉक्टर ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। चोर की तलाश में जुट गई है। डॉ. एसोसिएशन ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए पुलिस से शीघ्र ही केस के खुलासे की मांग की है। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र तेवतिया ने पुलिस से चोर को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# हिस्ट्रीशीटर की 15 लाख की संपत्ति हुई जफ्त

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत माफियाओं व हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ चलाई जा रही कार्यवाही के तहत शनिवार को हथगांव थाना पुलिस की टीम ने थानाक्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर एक्ट के आरोपी इमरान पुत्र नसीम निवासी रायपुर मुआरी की लगभग 15 लाख रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया। जिसमें उसका एक निजी आलीशान मकान भी शामिल हैं। पुलिस रिकार्ड के अनुसार रामपुर मुआरी गांव निवासी आरोपी इमरान के खिलाफ स्थानीय थाने में हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, अवैध शस्त्र अधिनियम समेत गो तस्करी के लगभग डेढ़ दर्जन संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने अपराध करके करोड़ों रुपये की चल अचल संपत्ति को अर्जित की थी। पुलिस आरोपी व उसके अन्य परिजनों के नाम दर्ज अन्य चल अचल संपत्ति की भी जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष हथगांव निकेत भारद्वाज व लगभग एक दर्जन पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# बॉलीवुड में काम करने के लिए यू ट्यूबर बना चोर

## 'ये छोरे से यूपी के' गाने से फेमस हुआ; कंपनी से चुराए थे 10 लाख रुपए

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, बॉलीवुड में काम करने की चाहत ने एक यू ट्यूबर को जेल तक पहुंचा दिया। बॉलीवुड का सफर तय करने के लिए उसे पैसों की जरूरत थी। इसके लिए एटीएम मशीन में कैश डालने वाली कंपनी से उसने 10 लाख रुपए चोरी कर लिए। सीसीटीवी फुटेज से यू ट्यूबर की पहचान जॉनी कुमार नाम से हुई। इसका यू ट्यूबर चैनल जेडी दक्षवंशी नाम से है। हाल ही में यू ट्यूब पर ये छोरे से यूपी के गाना काफी पसंद किया गया। पुलिस ने उसे सेक्टर-14ए फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि जॉनी पहले एटीएम में कैश डालने वाली कंपनी हिटाची कैश मैनेजमेंट सेक्टर-2 में काम कर चुका है। उसके पिता व भाई हलवाई का काम करते है। जॉनी इस काम को नहीं करना चाहता था। इसलिए उसने यू ट्यूब चैनल बनाया और वीडियो अपलोड करने लगा। जॉनी ने लव मैरिज की परिवार वालों की नाराजगी के चलते वो अलग से परिवार के साथ खोड़ा में किराए पर रहने लगा। घर से जाते समय उसने पिता के एक लाख रुपए भी चोरी कर लिए थे। अगस्त और सितंबर 2024 में उसने हिटाची कंपनी में काम किया। कंपनी की सारी लोकेशन व कार्य मालूम थे। जिसके चलते जॉनी ने एक प्लान बनाया और उसी के तहत बुधवार की दोपहर के समय कंपनी में कैश वैन के साथ ही मास्क लगाकर अंदर चला गया। इस दौरान जैसे ही गाड़ियों में कैश लोड होने के लिए लॉकर से कैश बैग बाहर निकाला गया। आरोपी ने पैसे से भरा एक कैश ट्रे चोरी कर लिया।

पुलिस से बचने के लिए अपने किराये वाले कमरे में पैसे रखकर इधर उधर घूमता रहा। आरोपी यू-ट्यूब पर गाने और वीडियो बनाने का शौकीन है। उसका 'ये छोरे से यूपी' के गाना काफी लोगों ने पसंद किया।

## संक्षेप

### पिता ने घर में पढ़ाई करने को कहा तो फंदे पर झूली किशोरी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात एक 13 वर्षीय किशोरी को पिता ने पढ़ाई करने को कहा। इतना कहने से किशोरी ने क्षुब्ध होकर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना से परिजनों में मातम छा गया है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पत्योरा गांव के मुच्छीताला मजरा निवासी 13 वर्षीय राखी निषाद पुत्री रतीराम ने बीती शनिवार की रात सूने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजनों ने किशोरी को फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। जिसके बाद किशोरी के पिता ने पत्योरा चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी। मृतका के पिता रतीराम ने बताया कि उन्होंने बीती शाम को पुत्री से पढ़ाई करने को कहा था। शायद इसी बात से वह नाराज हो गई थी। बताया कि सबके सो जाने के बाद पुत्री ने आत्मघाती कदम उठाते हुए फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज भानु प्रताप ने बताया कि किशोरी के फंदा लगाने की वजह परिजनों की डांट सामने आई है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

### महाकुंभ स्नान के मद्देनजर प्रशासन ने बांदा मार्ग में रोके भारी वाहन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर रविवार को प्रशासन ने सुमेरपुर कस्बे के बांदा मार्ग में भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया। यहां पर बैरिकेटिंग लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया है। अब बांदा की तरफ जाने वाले भारी वाहन कबरई होकर जाएंगे। प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर प्रशासन ने सुबह कस्बे के बांदा मार्ग में भारी वाहनों को रोक दिया है। यह व्यवस्था 15 जनवरी तक इस मार्ग में लागू रहेगी। यह मार्ग भारी वाहनों के आवागमन के लिए खोला जाएगा। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था इस मार्ग में महाकुंभ के प्रत्येक शाही स्नानों के दौरान लागू की जाएगी। बांदा की ओर जाने वाले भारी वाहन अब कबरई होकर जाएंगे।

# आलू कारोबारियों के अपहरण पर पुलिस की उड़ी नींद

## आलू कारोबारियों और उनके ड्राइवर की अपहरण की सूचना निकली फर्जी

### दिल्ली पुलिस गिरफ्तार करके ले गई आलू कारोबारियों और उसके ड्राइवर को

अमन लेखनी समाचार



कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र में दो आलू कारोबारियों और उनके ड्राइवर की अपहरण की फर्जी सूचना मिलने के बाद से कासगंज पुलिस की नींद उड़ गई। बीते दिवस पुलिस को सूचना दी गई की राजस्थान के भरतपुर से लौट रहे दो आलू कारोबारी और उनके ड्राइवर का किसी ने बाकनेर पर अपहरण कर लिया है, और आलू कारोवारियों के पास एक करोड़ की नगदी है, बस इतना ही सुनते जिले की पुलिस देर रात से सड़कों पर निकल आई, पूरे पुलिस विभाग में खलबली मच गई, और एसओजी सर्विलांस पुलिस टीम सभी आलू व्यापारियों को खोजने लगे, और कासगंज एटा हाथरस अलीगढ़ मार्गों पर पुलिस ने अपहरणकताओं की तलाश में चैकिंग अभियान चलाया।

आपको बतादे कासगंज जिले की कोतवाली कासगंज पुलिस को बीती रात सूचना मिली बदायूं के बिल्सी निवासी दो आलू कारोबारी वकील और शाहिद अपने आई-20 कार से चालक इसरार के साथ राजस्थान के भरतपुर से आलू बेचकर वापस अपने घर जा रहे थे। लेकिन तभी कोतवाली कासगंज क्षेत्र के बांकनेर गांव के निकट स्कार्पियो सवार बदमाशो ने आलू कारोबारियों और उनके चालक का अपहरण कर लिया। और उनकी गाड़ी भी अपहर्णकारता अपने साथ ले गए है। बस इतनी अपहरण की सूचना मिलते ही कासगंज पुलिस की नींद उड़ गई। और पुरी पुलिस में खलबली मच गई। पुलिस अपहृत कारोबारियों की तलाश के लिए सड़कों पर दौड़ भाग करने लगी। और पुलिस ने अन्य जिलों की सीमाओं में भी चैकिंग अभियान चलाया और सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये। और पुलिस जांच में निकलकर आया की आलू कारोबारियों और उनके ड्राइवर को दिल्ली पुलिस की मामले में उठाकर अपने साथ ले गई है।

### दिल्ली से वांछित व हिस्ट्रीसीटर अपराधी है कारोवारियों का ड्राइवर

कासगंज। एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि बीती देर शाम कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बाकनेर से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा अभियुक्त वकील पुत्र कल्लू, शाहिद उर्फ लल्ला पुत्र शहजाद हुसैन निवासीगण विल्सी जनपद बंदायू व इसरार पुत्र मुन्ने खां निवासी फ्लैट नंबर 80 थाना वैलकम दिल्ली को उनकी कार आई-20 के साथ दिल्ली ले जाया गया है। जहां से इसरार उपरोक्त थाना त्रिलोकपुरी दिल्ली से वांछित था। जिसे दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसरार उपरोक्त व्यापारी वकील अहमद का रिश्तेदार है। इसरार पर पूर्व से दर्जनभर मुकदमें पंजीकृत हैं एव हिस्ट्रीसीटर अपराधी है। गिरफ्तारी की सूचना परिजन रफीक पुत्र कल्लू को दिल्ली पुलिस द्वारा नियानुसार दी गयी है। अपहरण अथवा लूट जैसी कोई घटना नहीं हुयी है।

## सेंट वीएन पब्लिक स्कूल में युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

न्यौली/कासगंज। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मानपुर नगरिया स्थित सेंट वीएन पब्लिक स्कूल मिजार्पुर में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। युवा महोत्सव की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक सुरेश सिंह चैहान ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अनेक सिंह एवं अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने जिनके ओजस्वी वचनों से गूंज उठा था, विश्व गगन वही प्रेरणा पुंज हमारे स्वामी पूज्य विवेकानंद सहित अनेक देशभक्ति गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं सोरों के तुलसीदास म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर डॉ राजीव बरबारिया के निर्देशन में कलाकारों द्वारा अनेक देशभक्ति गाने प्रस्तुत किए गए। वहीं उपजिलाधिकारी अनेक सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। सभी छात्रों को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष डी एस लोधी ने कहा कि युवा देश की ताकत हैं, उनको स्वामीजी के आदर्शो का अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस दौरान कार्यक्रम को प्रेमवीर एडवोकेट, हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष मनोज सोलंकी, गंजडुंडवारा पीजी कॉलेज के पूर्व पुस्तकाल अध्यक्ष रामआसरे पचैरी, पत्रकार बृजेश मिश्रा आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी आशु चैधरी, प्रधान शंकरपाल, विक्रम राजपूत, साहब सिंह, सभासद प्रवीन वर्मा, योगेश सोलंकी, एडवोकेट सुखवीर पुंढीर, सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्रीय लोग सम्मिलित रहे।

## चटगांव विद्रोह के सूत्रधार मास्टर दा सूर्यसेन की मनाई गई पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। आजादी के संघर्ष मे बलिदानियों के महत्व के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत चटगांव विद्रोह के सूत्रधार मास्टर दा सूर्यसेन की पुण्यतिथि 12 जनवरी पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने पुष्पांजलि देते हुये कहा कि सूर्यसेन मातृभूमि की आजादी के एक सच्चे संघर्षी थे, इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, सूर्यसेन का जन्म 22 मार्च 1894 को चटगाँव, बंगाल के नोआपारा गांव मे रमानिरन्जन सेन और शशि बाला देवी के घर हुआ था, इन्टर तथा बी ए की शिक्षा के बाद ये क्रातिकारी अनुशीलन समिति से जुड गये, ये शिक्षा काल मे ही देशधर्मी हो गये, इन्होंने युगान्तर नामक संगठन बनाया, साथ ही इन्डियन रिपब्लिकन आर्मी का गठन किया, जिसमें लगभग पाच सौ क्रातिकारी सैनिक थे। सेन ने मित्रो के बैठक कर गोरो के शस्त्रागार लूटने का निर्णय लिया, सूर्यसेन ने 1923 तक चटगांव के आसपास तक क्राति की अलख जगा दी थी, 18 अप्रैल 1930 को अपने कुछ साथियों के साथ चटगांव शस्त्रागार को लूट लिया था, ये गोरो की पकड मे नहीं आये थे, एक भितरघाती जमींदार के कारण ये पकडे गये, इन्हें अमानवीय यातनाएं दी गयीं, दात तोडे गये, नाखून उखाडे गये, फासी के फन्दे पर लटकाने से पहले इन्हें बुरी तरह पीटकर मार दिया गया, इनके मृत शरीर को फासी पर लटकाया गया। 12 जनवरी 1934 को लगभग 40 वर्ष की उम्र मे चटगाँव की सेन्ट्रल जेल मे इन्हें फासी दी गयी, इनके एक और मित्र तारकेश्वर दत्त को भी इन्हीं के साथ फासी पर चढा दिया गया, चटगाँव संघर्ष मे 80 सैनिक और 10 क्रातिकारी शहीद हुये थे, सेन की कल्पना दत्त और प्रीति लता वादेदार नामक दो वीरागंनाओ का भी चटगांव विद्रोह मे बडा योगदान था, कार्यक्रम मे महावीर, संतोष, प्रेम, सागर, प्रिन्स, पंकज सिंह, भोलू, रिचा, सिद्धा, जगमोहन, अजय और दस्सी आदि शामिल रहे।

## स्वामीजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पटियली /कासगंज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनपद कासगंज की नगर इकाई पटियाली के द्वारा युवा पखवाड़े के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें द्वितीय दिन नगर की श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में तहसील स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 375 छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया। जिसमें 134 छात्रा व 241 छात्रों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा का सकुशल किया गया। इस दौरान विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित ने बताया कि इस परीक्षा में प्रथम पुरस्कार रेंजर साइकिल प्रमाण पत्र मेडल, द्वितीय पुरस्कार डिनर सेट मेडल प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक टेबल लैंप मेडल प्रमाण पत्र तथा साथ सांत्वना पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं तहसील संयोजक रोहित पुंडीर ने सभी का सफल आयोजन होने पर आभार व्यक्त किया। नगर सोशल मीडिया संयोजक अंबुज द्विवेदी ने सभी को बताया 13 जनवरी को प्रातः 10 बजे श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्र वर्ग के लिए 800 मीटर दौड़ एवं छात्राओं के लिए 400 मीटर दौड़ रहेगी। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरज किशोर मिश्रा उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित, तहसील संयोजक प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रोहित पुंडीर, नगर अध्यक्ष पीयूष मिश्रा, नगर मंत्री रोशन शर्मा, नगर सोशल मीडिया संयोजक व व्यवस्था प्रमुख अंबुज द्विवेदी, सह नगर सोशल मीडिया प्रमुख सह व्यवस्था प्रमुख अंशुल मिश्रा, प्रतियोगिता प्रभारी अनुज द्विवेदी, सह प्रभारी नीरज बघेल, प्रशांत शर्मा, गोविंद चतुवेर्दी, अवधेश पांडे, शोभित कमल पांडे, ओमकार दीक्षित, अभिषेक मिश्रा, हिमांशु गौर, सुमित कुमार, नवाब अली, अवनीश मिश्रा आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## मनुष्य जीवन में दान से बढ़कर कोई पुण्य नहीं- रमाकांत व्यास

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

ककरवई, झांसी। गरौठा के सप्तेश्वर आश्रम इसकिल पट्ठा पर चल रहे विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन सुबह की बेला में यज्ञाचार्य पंडित गणेश दत्त शास्त्री द्वारा यजमानों का शुद्धिकरण कर हवन कुंडों में अग्नि प्रज्वलित कर मुख्य यजमान जितेंद्र सिंह सहित यजमानों से आहुतियां डलवाई गई। वही चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास रमाकांत व्यास ने दान की महिमा बताते हुए कहा कि दान से बढ़कर कोई पुण्य नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कर्ण से बढ़कर पृथ्वी पर कोई दूसरा दानबीर नहीं है। उसने ब्राह्मण के दाह संस्कार के लिए अपना चंदन का सिंहासन दान में दे दिया था। वही कर्ण को मृत्यु के समय अंतिम सांसें लेते देखा तो भगवान श्रीकृष्ण रोने लगे। तथा अर्जुन श्रीकृष्ण ने उसकी परीक्षा ली तो उसने अपने मुंह में लगा सोने का दांत तोड़ने के लिए पत्थर उठा लिया तो भगवान प्रकट हो गए और उन्होंने कहा कर्ण तुम जैसा दानवीर कोई दूसरा पैदा नहीं होगा। कथा व्यास ने कहा कि सभी को अपनी कमाई का दस प्रतिशत दान पुण्य में खर्च करना चाहिए। कथा समापन पर कथा के मुख्य यजमान श्रीमती गीता - प्रतिपाल सिंह (रामजी परिहार) ने भागवत पुराण की आरती की। इस मौके पर आश्रम के महंत केशव दास जी महाराज, भरत सिंह परिहार, तुलाराम गुप्ता, लोचन सिंह परिहार, शत्रुघ्न सिंह सूबेदार, रघुवीर सिंह, अशोक राजपूत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा,, प्रताप सिंह परिहार, अमर सिंह परिहार, सत्य प्रकाश तिवारी, अवधेश सिंह फौजी, प्रसिद्धनारायण यादव, प्रेम नारायण मोदी, छत्रपाल सिंह परिहार, लोकेंद्र सिंह भोले, भगवान सिंह, अभिमन्यु सिंह परिहार, सत्येंद्र सिंह परिहार, गजेंद्र सिंह चौहान, अरविंद सिंह परिहार, दीपेंद्र सिंह परिहार, छुन्नू ठेकेदार, राहुल सिंह, योगेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## उन्नाव सांसद साक्षी महाराज का जन्मदिन मनाया



अमन लेखनी समाचार

कासगंज। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. खूब सिंह लोधी ने रविवार को उन्नाव सांसद महाराज का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम डा. खूब सिंह आवास पर अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्नाव सांसद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी हरि साक्षी महाराज का जन्मदिन मनाया। वरिष्ठजनों के साथ केक भी काटा गया। इस दौरान डा. बाबूराम राजपूत, नेत्रपाल सिंह, स्वराज लोधी, रिंकू लोधी, ठाकुर दास, राकेश कुमार, रमेश राजपूत, डा. कवेंद्र राजपूत, रुद्र प्रताप सिंह, वीरेश कुमार, भूप सिंह, राजीव यादव, राजवीर सिंह राजपूत, ख्याली राम, देवेंद्र सिंह, बंटी कुमार, मोहित, विजय, रवि कुमार, अवधेश कुमार, उदयवीर लोधी समेत अन्य मौजूद रहे।

## जंगल में फेंके गए बायोमेडिकल वेस्ट का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल

### जंगल के पर्यावरण और जीवों के लिए हानिकारक है बायोवेस्ट

अमन लेखनी समाचार

पीलीभीत। दियोरिया रेंज के पैतवोझी जंगल के किनारे वायोमैडिकल वेस्ट फेकें जाने का वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें एक्सपायर दवाईयां इंजेक्शन की शीशी टैबलेट सीरेंज आदि बायोवेस्ट पड़ा हुआ दिखाई दे रहा जो जंगली जानवरों के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है। जंगल में फेंके गए वेस्ट कचरे से पर्यावरण प्रदूषण भी वड़ रहा है स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार पैतवोझी जंगल के किनारे वायोमैडिकल वेस्ट लगातार फेंका जा रहा है जिसका



वीडीओ वायरल हो रहा है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने उन्नाव सांसद का मनाया जन्मदिवस

अमन लेखनी समाचार

कासगंज। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ खूब सिंह लोधी के विजय भवन आवास पर अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्नाव से सांसद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी हरि साक्षी महाराज का 69 वा जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से वरिष्ठजनों के साथ केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर बाबूराम, नेत्रपाल सिंह मंत्री, स्वराज लोधी, रिंकू लोधी, ठाकुर दास, राकेश अध्यापक, रमेश राजपूत, डॉक्टर कवेंद्र, रुद्र प्रताप सिंह, वीरेश, भूप सिंह, राजीव यादव, राजवीर सिंह, ख्याली राम, देवेंद्र सिंह, बंटी कुमार, मोहित, विजय, रवि कुमार, अवधेश कुमार लोधी, उदयवीर लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



अमन लेखनी समाचार

कासगंज। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनरतले रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया और जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश सक्सेना के निर्देश पर जिला इकाई ने गोष्ठी आयोजित कराई। गोष्ठी जिलाध्यक्ष केके सक्सेना के नेतृत्व में शहर के नदरई गेट स्थित प्रदेश सचिव नवल कुलश्रेष्ठ के प्रतिष्ठान पर हुई। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के बाद जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। प्रदेश सचिव नवल कुलश्रेष्ठ एडवोकेट, नारायण स्वरुप सक्सेना, राकेश सरन सक्सेना ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने पर भी जोर दिया। गोष्ठी के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान कौशल किशोर सक्सेना, नवीन सक्सेना, आदित्य सरन सक्सेना, राजेश अग्रवाल, धर्मेंद्र सक्सेना, अलोक कुलश्रेष्ठ, अंशुल जौहरी समेत अन्य मौजूद रहे।

## ककरवई एजुकेशन सोसायटी द्वारा सामान्य ज्ञान एवं खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। ककरवई एजुकेशन सोसाइटी द्वारा रविवार को सामान्य ज्ञान एवं खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 12 से अजय प्रजापति को प्रथम आकांक्षा को द्वितीय, अंकिता को तृतीय, कक्षा 11 में विकास राठौर को प्रथम, रागिनी को द्वितीय, मधु को तृतीय एवं कक्षा 10 में मुस्कान तिवारी को प्रथम, अनीशा को द्वितीय, संध्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर के बालकों में राजप्रताप को प्रथम, राज रैकवार को द्वितीय, देवांश को तृतीय बालक स्थान मिला। सीनियर वर्ग में राज प्रजापति को प्रथम, अभिषेक को द्वितीय व मनोज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालिका वर्ग जूनियर में चंचल को प्रथम सोनाली को द्वितीय सोनाली पुष्पेन्द्र को तृतीय स्थान मिला। बालिका सीनियर वर्ग में नेहा को प्रथम, मधु को द्वितीय व सपना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

सामान्य ज्ञान एवं खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। वही कई बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम का संचालन गोविंद यादव प्रतीक ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष ककरवई एवं समापन कर्ता नंदकिशोर यादव मोदी महाविद्यालय के प्राचार्य पुष्पेन्द्र सिंह चौहान रहे। वक्ताओं में गिजानंदन दीक्षित, विष्णु तिवारी, वीरेन्द्र कुमार यादव (वीरू) अंकुर अवस्थी, राजकुमार सेन रहे। कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह यादव, कन्हैयालाल श्रीवास, तुलसी वर्मा, गुरु सेठ, पूर्व प्रधान मनोहर यादव, क्षेत्रपाल सिंह बुंदेला, ओमप्रकाश सक्सेना, सियाराम यादव, कालू मिश्रा, रामेश्वर वर्मा, संध्या यादव, अनिल तिवारी पंडा, जयहिंद अहिरवार, काशी वर्मा, सूरज यादव, राजेन्द्र सिंह बुंदेला, नरेश प्रजापति, ब्रजकिशोर अवस्थी, नवनीत श्रीवास, सुखनंदन यादव, राममिलन यादव, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त श्रीकांत वर्मा, ब्रजेश राठौर, अंकुर अवस्थी सहित सभी सोसाइटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया।

## मंदिर दर्शन करने जा रहे युवकों पर चले पत्थर, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। बीती शाम नगर की बड़ी देवी मंदिर में दर्शन करने जा रहे कुछ युवकों पर अराजक तत्वों द्वारा पथराव कर गाली गलौज, मारपीट करने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मौदहा नगर के नेशनल चौराहा स्थित निवासी गोविंदा गुप्ता पुत्र हरिप्रसाद गुप्ता ने तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बीती शाम 6.30 बजे नगर की बड़ी देवी मंदिर दर्शन करने जा रहा था। तभी नगर के ही शिवा गोश्वामी, सत्यम गोस्वामी, कार्तिक लखेरा, संस्कार गोश्वामी वहां आ गए और उसके साथ दर्शन करने गए साहिल शिवहरे को गाली गलौज शुरू कर दी। जिनको मना करने के बाद उक्त चारों युवकों ने एक राय होकर ईटा पत्थर चलाना शुरू कर दिया और लाठी डंडे लेकर आ गए और उनके साथ मारपीट की। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। साथ ही साहिल शिवहरे के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। मारपीट के दौरान पत्थर मारने वाले एक युवक संस्कार गोस्वामी को मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर उक्त चारो युवकों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 125, 351(2), 352 के तहत मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## अलग अलग घटनाओं में चार घायल

### एक को गंभीर हालत में किया गया रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार युवक घायल हो गये। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलगांव मुस्करा निवासी आकाश नौ वर्ष पुत्र पप्पू मकर संक्रांति के पर्व पर मां के साथ ननिहाल भुलसी आया हुआ था। रविवार की सुबह वह छत पर पतंग उड़ा रहा था, तभी छत से नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने लहूलुहान हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों ने बताया कि छत में बाउंड्री वाल न होने से यह घटना घटी है। दूसरी घटना में पुष्पेंद्र 35 वर्ष पुत्र कल्लू सिंह निवासी इचौली बाइक में सवार होकर अपने गांव से मौदहा आते समय चुंगी चौकी के पास मधुमक्खियां के हमले से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया है। इसी प्रकार जितेंद्र 30 वर्ष पुत्र रामकिशन गुप्ता निवासी ग्योडी जिला महोबा को सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। चौथी घटना में संजू 28 वर्ष पुत्र राजेश साहू निवासी गहबरामान छतरपुर इचौली के पास पीछे से आ रही बाइक सवार की टक्कर से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



कल से त्रिवेणी संगम की पुण्यस्थली प्रयागराज में महाकुंभ का महायोजन आरंभ हो रहा है। अनुमान है इस बार इसमें देश ही नहीं दुनिया भर से करोड़ों लोग सम्मिलित होंगे। धर्म, आस्था और संस्कृति के इस आयोजन की सदियों पुरानी परंपरा की दिव्यता और भव्यता की छटा आपको आलौकिक अनुभूति से ओत-प्रोत कर देगी। इसकी विराटता और सांस्कृतिक महत्ता पर एक विहंगम दृष्टि।

## प्रयागराज महाकुंभ-2025

# धर्म-आस्था-संस्कृति का महायोजन

आवरण कथा / लोकमित्र गौतम

अगर आप बचपन से ही अपनी परवरिश के दौरान महाकुंभ के किस्से सुनने के आदी रहे हैं, तो यकीन मानिए पहली बार जब आप महाकुंभ के विहंगम दृश्य से दो-चार होंगे, तो स्तब्ध रह जाएंगे। कुछ कहते, सुनते या व्यक्त करते ही नहीं बनेगा। मैंने महाकुंभ पर अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन की यह टिप्पणी पहली बार कुंभ का औचक एहसास करने के बाद पढ़ी थी, इसलिए मैं दंग रह गया था कि यह शब्दशः बिल्कुल वैसी ही टिप्पणी थी, जैसी कि मैंने पहली बार 22 साल की उम्र में महाकुंभ में शामिल होने के बाद महसूस की थी।

**विलक्षण दिखता है विहंगम दृश्य:** मीलों तक भगवा वसनों में लिपटे साधु-संतों की कतारें, प्रतिध्वनि का एहसास कराते उनके मंत्रोच्चार, जहां तक नजरें देख सकती हैं, वहां तक फैला जन सैलाब, यह एक ऐसा लैंडस्केप होता है, जो कुंभ के अलावा आप कहीं नहीं देख सकते। शायद यही वजह है कि जितने भी विदेशी लेखकों, सैलानियों और विभिन्न क्षेत्रों के महान व्यक्तित्वों ने कुंभ को देखा है, उनके लिए इसका वर्णन अनिर्वचनीय सा रहा है।



**विदेशी लेखक-यात्री होते रहे हैं अचंभित:** ह्वेनसांग जैसा बेहद तटस्थ चीनी यात्री, जिसने पहली बार 7वीं शताब्दी में भारत का विस्तार से 'फर्स्ट हैंड एकाउंट' दर्ज किया था। वह बेहद तटस्थ और किसी चीज के वर्णन के दौरान भावनाओं को काबू में रखने वाला इतिहासकार भी महाकुंभ को देखकर अचंभित और अभिभूत रह गया था। उसने लिखा है कि धार्मिक भक्ति का यह आयोजन अद्वितीय है।

अमेरिकी कवि और लेखक एलन गिंसबर्ग ने महाकुंभ के अनुभव को व्यक्त न किया जा सकने वाला अद्वितीय अनुभव बताया है। वह कहते हैं, इससे भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का एहसास किया जा सकता है। मार्क ट्वेन तो पत्रकार भी थे और वह किसी चीज का महिमामंडन करने से बचते थे। अपनी संतुलित रिपोर्टों के लिए पहचाने जाने वाले मार्क ट्वेन ने महाकुंभ को लेकर लिखा है, 'इसमें बिना किसी दिखावे के आध्यात्मिक उद्देश्य से जितनी विशाल संख्या में लोग आते हैं, वह आश्चर्यचकित करती है।'

**होती है अभूतपूर्व-अद्वितीय अनुभूति:** शायद महाकुंभ इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को पराकाष्ठा की हद तक झकझोर देने वाला अनुभव होता है। यही कारण है कि एक सामान्य हिंदू बचपन से ही जिसके कानों में महाकुंभ के किस्सों की लंबी स्मृतियां मौजूद होती हैं, वह जब पहली बार साक्षात कुंभ में शामिल होता है तो उसकी विराटता और भव्यता को देखकर रोमांच से अभिभूत हो जाता है, तब वह इस पर कोई टिप्पणी कर सकने की स्थिति में नहीं रहता। महाकुंभ सचमुच बेहद गहन और अद्वितीय अनुभव है। पहली बार महाकुंभ को अपनी आंखों से देखने वाला कोई उससे पहले, उतनी बड़ी भीड़ नहीं देखी होती और वह भी बिल्कुल ठहरी हुई, बिना किसी उग्रता, बिना किसी बेचैनी के श्रद्धा और भक्ति में डूबी हुई। खासकर जब गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है, तो वह मन को तो आह्लादित करता ही है, आंखों को भी आश्चर्य में फैल जाने को मजबूर कर देता है।



**दिव्यता-भव्यता की सीमा से परे:** महाकुंभ का वातावरण इतना भाव और भक्तिपूर्ण, आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत होता है कि उसके वर्णन के लिए सटीक शब्द नहीं मिलते। बस आप भावनाओं की दिव्यता और भव्यता से पुलकित भर होते रहते हैं। अगर कहें कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला है तो यह इसको पूरी तरह से नहीं व्यक्त करेगा। यह इतनी किस्म की भावनाओं का विशाल सम्मेलन है कि जहां सही मायनों में कोई एक एहसास ही नहीं रहता। दिव्यता और भव्यता जैसे शब्द भी इस अनुभूति के सामने फीके पड़ जाते हैं।

**कुंभ स्नान की आलौकिक अनुभूति:** जब आप पहली बार कुंभ में डुबकी लगाते हैं, तो पता नहीं वह कौन-सा ऐसा मनोविज्ञान है कि आप बेहद हल्केपन का एहसास करते हैं। लगता है, वाकई शरीर का सैकड़ों मन का बोझ डुबकी लगाते ही पानी में बह गया। कुंभ में स्नान करते ही मन और शरीर एक आलौकिक किस्म की दिव्य ऊर्जा से भर जाता है। महाकुंभ के दौरान आंखों के अनंत छोर तक साधु-संतों को देखना, उनके स्थितप्रज्ञ वचनों को सुनना, जीवन को विराट रहस्य से भर देता है। सामूहिकता का इससे बड़ा एहसास शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो, जितना बड़ा एहसास महाकुंभ में होता है। लगता है महाकुंभ में धर्म और प्रकृति आपस में घुल-मिल गए हों।

**दुनिया भर से आते हैं करोड़ों लोग:** कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था। इसकी क्या वजह थी यह तो पता नहीं पर महाकुंभ के सैलाब में आध्यात्मिकता के एक अदृश्य सुरूर का एहसास होता है। शायद यही वजह है कि हर 12 साल बाद हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में लगने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए दुनिया के कोने-कोने से करोड़ों हिंदू तो आते ही हैं, अब लगातार उन विदेशी पर्यटकों की संख्या भी हर गुजरते साल के साथ बढ़ती जा रही है, जो धर्म से ज्यादा इसमें आध्यात्मिकता के पुलक भरे एहसास को महसूस करने के लिए आते हैं।

ऐसे दुर्लभ और अद्वितीय महायोजन की अनुभूति कैसी होगी, इसके लिए हमें स्वयं उसमें सम्मिलित होना होगा, इसकी दिव्यता और भव्यता का स्वयं साक्षात्कार करना होगा। *



### हजारों वर्ष पुरानी परंपरा

हालांकि बिल्कुल तथ्यात्मक ढंग से यह कह पाना मुश्किल है कि महाकुंभ की शुरुआत कब हुई? अगर इसके प्रस्थान बिंदु का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है, तो वह यह है कि हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में जो समुद्र मंथन की कथा मिलती है, उसी मंथन से निकले अमृत कलश को, दैत्यों से बचाने के लिए जब देवता आकाश मार्ग से भागते हैं तो छीना-झपटी में जिन चार जगहों में अमृत की बूंदें टपक गई थीं, उन्हीं जगहों पर हर 12 साल बाद पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। ये चार जगहें हैं- हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक। जहां तक महाकुंभ के उल्लेख की बात है तो इसका उल्लेख कई हिंदू धर्म ग्रन्थों में मिलता है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण, रामायण और महाभारत में कुंभ का वर्णन मिलता है। इससे इतना तो तय है कि कम से कम पांच हजार सालों से तो आध्यात्म का यह मेला निरंतर आयोजित हो रहा है। लेकिन इतने साल होने के बावजूद इसका आकर्षण जरा भी फीका नहीं पड़ा। कुंभ का जादू आज भी उतना ही पुरकशिश है, जैसे जादू के बारे में हम सदियों से लोगों से सुनते आ रहे हैं। शायद इसीलिए सनातन परंपरा का यह आध्यात्मिक आख्यान जिसे हम महाकुंभ कहते हैं, चिर नूतन है।

गीत (महाकुंभ विशेष) / डॉ. ओम निश्चल

### मेला सज गया

फिर प्रवासी पक्षियों की
आ गयी बारात
मेला सज गया।
संत साधु आ रहे हैं
दिव्य धुन में गा रहे हैं
राख पोते हुए तन पर
चित्त को पिघला रहे हैं
धुंध छाई है क्षितिज पर
कंपकंपाती रात
मेला सज गया।
लिए गठरी माथ, पर
अभिभूत दिखते
बोझ बेशक, चित्त से
अवधूत दिखते
आस्था है बलवती मन में
थिरकता प्रात
मेला सज गया।
यही है वह भूमि
जो निर्धूम यज्ञों से पगी
कल्पवासी जन शिविर में
कर रहे हैं रतजगी
भोर होते डुबकियों के बाद
थरथर गात
मेला सज गया।
पर्णकुटियों-सी सजी है
एक नव नगरी यहां
दीखती श्रद्धालुओं
की साधना गहरी जहां
अभी चूल्हे पर रखा अदहन
गमकता भात
मेला सज गया।
भर गया गंग ओ जमन का



देख लो दो-आब
उमड़ आया है यहां पर
एक जन-सैलाब
इस समागम की छटा न्यारी
बाल-बच्चे वृद्ध नर-नारी
साधु-ठग सब साथ
मेला सज गया।
ना कोई न्यौता
किसी का नेह-आमंत्रण
आ रहे हैं उल्लसित हो
भक्त-जन प्रतिक्षण
विश्व का यह महा जनसंगम
पुण्य पाते सभी जड़-जंगम
आम जन हों कि हों अभिजात
मेला सज गया।
आ गयी लो! सांझ की वेला
हथेली पर दिये लेकर
जगमगा उठा समूचा लोक
मंगल कलश सर रख कर
इक चंदोवा तन गया नभ में
रोशनी का भव्य उज्ज्वल माथ
मेला सज गया।

## सनातन संस्कृति का महापर्व

# मकर संक्रांति



मकर संक्रांति, भारत के सबसे महत्वपूर्ण, पवित्र और सांस्कृतिक पर्वों में से एक है। इसे मनाने के पीछे अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक कारण हैं। यह किसी क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं है बल्कि भारत के हर कोने में अलग-अलग नाम और तौर-तरीकों से मनाया जाने वाला महापर्व है।

पर्व

आर.सी.शर्मा

मकर संक्रांति के पर्व में भारत की समूची साझी सनातन संस्कृति के दर्शन होते हैं। शायद यही वजह है कि इसे पंजाब, हरियाणा में लोहड़ी, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी, दक्षिण भारत में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में पोंगल, पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला, असम तथा पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू के नाम से जाना जाता है। कर्नाटक, केरल में इसे संक्रांति कहते हैं, जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में संक्रांति के अलावा भी इसके कई स्थानीय नाम लिए जाते हैं। भले ये सब एक ही समय पर मनाए जाने वाले अलग-अलग पर्व हों, लेकिन इन सभी में विराट सनातन संस्कृति के ही दर्शन होते हैं। ये सभी कृषि कर्मों, धार्मिक क्रिया-कलाप और आस्था पर टिके पर्व हैं। भारत के साथ-साथ नेपाल में भी मकर संक्रांति का पर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है।



लोहड़ी का पर्व मनातीं महिलाएं

**खगोलीय-वैज्ञानिक कारण:** पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, उस दिन को ही मकर संक्रांति कहते हैं, इसी दिन यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है। मकर संक्रांति को सूर्य उत्तरायण होता है यानी उत्तर दिशा की ओर उन्मुख गतिमान हो जाता है। वैज्ञानिक तौर पर इसका कारण यह है कि पृथ्वी का निरंतर छह महीने की समयावधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर गतिमान होना होता है, जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।

**अत्यधिक धार्मिक महत्ता:** इस पर्व का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन लोग पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं और जो संभव हो दान करते हैं। मकर संक्रांति को पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास का माहौल होता है। जहां तक इस दिन किए जाने वाले धार्मिक क्रिया-कलापों की बात है तो इस दिन लोग भगवान सूर्य की पूजा करते हैं। गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। भगवान विष्णु और दूसरे देवताओं की पूजा करते हैं।

**दिखती है बहुरंगी सांस्कृतिक छटा:** जिन क्षेत्रों में धान और दूसरी खरीफ की फसलें पक चुकी होती हैं, उनकी कटाई इसी पर्व के आस-पास शुरू होती है। विशेषकर पंजाब में इसे नाचने, गाने और उल्लास के पर्व के रूप में इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन से यहां फसलों की कटाई शुरू होती है। पश्चिम भारत विशेषकर गुजरात और राजस्थान में यह दिन पतंगबाजी की मस्ती, मेलों और लोकनृत्यों के आयोजन और उल्लास का पर्व होता है। उत्तर भारत में इस दिन लोग खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में बांटते हैं। जरूरतमंद लोगों को इस दिन दान भी देते हैं। दान के रूप में बिना बनी यानी कच्ची दाल और चावल मिली हुई खिचड़ी भी दी जाती है। दक्षिण भारत में इस दिन चार दिनों तक चलने वाला पोंगल पर्व शुरू होता है, यह भी मूलतः फसलों से जुड़ा पर्व है और ठीक इसी तरह बंगाल और पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू नाम से जो पर्व भोजन और नृत्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। वह भी दरअसल फसलों की कटाई की शुरुआत का पर्व होता है। महाराष्ट्र और गुजरात में महिलाएं इस दिन एक-दूसरे को हल्दी, कुमकुम और तिलकुट बांटती हैं। इस तरह देखें तो पूरे देश में यह पर्व अलग-अलग तौर तरीकों से इंद्रधनुषी गतिविधियों में संपन्न होता है। इस पर्व का सिर्फ सांस्कृतिक महत्व ही नहीं है। इसका अपना वैज्ञानिक और खगोलीय महत्व भी है। क्योंकि मकर संक्रांति वह दिन है जब सूर्य मकर रेखा को पार करता है और उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है। इसलिए यह दिन शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। इस समय दिन लंबे और रातें छोटी होने लगती हैं। सर्दी कम होने लगती है और धीरे-धीरे गर्मी का आगमन होता है। फसल की कटाई और नए सत्र की शुरुआत का भी यही समय होता है। शरीर को भरपूर ऊर्जा और गर्मी मिलती रहे, इसलिए लोग मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ का सेवन करते हैं। मकर संक्रांति, भारत के विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक और वैज्ञानिक आयामों का समागम है। यह त्योहार एक तरफ जहां फसल कटाई का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर ऋतु परिवर्तन का भी यह पर्व संकेत देता है। यह पर्व सामाजिक एकता, आध्यात्मिक शांति और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश भी देता है। *



पोंगल पर सामूहिक भोज तैयार करतीं महिलाएं

### पर्व-तिथि और मुहूर्त

**आमतौर** पर मकर संक्रांति 13 या 14 जनवरी को मनाई जाती है। इस साल यह मंगलवार 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। अगर शुभ मुहूर्त की बात करें तो वैदिक पंचांग के मुताबिक 14 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस बार पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। जबकि तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के जिन-जिन हिस्सों में पोंगल का पर्व मनाया जाएगा, उसकी तिथियां 14 से 17 जनवरी तक होगी यानी 14 से 17 जनवरी तक पोंगल मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल सहित पूर्वोत्तर राज्यों में भोगाली बिहू का पर्व 14-15 जनवरी को मनाया जाएगा।

पुस्तक चर्चा / अनुराग मनींद्र

## विडंबनाओं को रेखांकित करती कविताएं

आज के दौर के चर्चित युवा कवियों में शंकरानंद भी शामिल हैं। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं प्रकाशित होती रहती हैं। पूर्व में इनके तीन काव्य संग्रह-'दूसरे दिन के लिए', 'पदचाप के साथ' और 'इंकार की भाषा' प्रकाशित हो चुके हैं। हाल में न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन की श्रृंखला 'समकाल की आवाज' के तहत 'शंकरानंद : चयनित कविताएं' का प्रकाशन किया गया है।




इस पुस्तक में शंकरानंद की काव्य प्रतिभा के विविध आयाम देखे जा सकते हैं। कवि की संवेदना प्रकृति, परिवार, समाज, देश-दुनिया के हर मंजर, हर तबके तक पहुंचती है। 'फूलों की क्यारियां', 'विलुप्त होने वाली चिड़िया', 'मां के हाथ', 'पिता की उम्र', 'मैं मजदूर', 'ओ किसान', 'आदिवासी', 'सरकार की चुप्पी', 'युद्ध पर पुनर्विचार'... जैसी कविताओं में उनकी काव्य-संवेदना और रचनाशीलता के अलग-अलग 'डायमेंशन' देखे जा सकते हैं।

इन कविताओं में कहीं सीधे-सीधे तो कहीं संकेतों के माध्यम से उन्होंने विरोधाभास, विसंगति और विडंबनाओं को रेखांकित करने का प्रयास किया है। अपनी कविताओं में बहुत सीधे-सरल शब्दों में वे बहुत गहरी बात कह जाते हैं, 'आरोप की भाषा में/जितनी धार होती है/वह एक भले आदमी की/गर्दन रेत सकती है।' किसानों की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण करते हुए वे लिखते हैं, 'जब जल रहा है बीज और स्वप्न है धुआं-धुआं/एक किसान के लिए पूरी पृथ्वी विदर्भ है'। *


**पुस्तक:** चयनित कविताएं, **लेखक:** शंकरानंद, **मूल्य:** 225 रुपए, **प्रकाशक:** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

छोटी कहानी

सविता गोयल

## संक्रांति के लड्डू

मांएं तो यही चाहती हैं, तीज-त्यौहार पर बेटियों को प्रेम-स्नेह और मान मिलता रहे, लेकिन बहू को बुरा लगे तो मां मन मार के रह ही जाएगी, लेकिन वही बहू जब बेटी के रूप में प्रेम-स्नेह से वंचित हो, तो टीस होगी ही। रिश्तों को सहेजती कहानी।



'यह क्या मां जी, सुबह-सुबह आप रसोई में क्या कर रही हैं?' अपने कमरे से निकलते ही देसी घी की खुशबू सूंघते हुए सिया ने अपनी सास दामिनी से पूछा।

'बहू.. वो... संक्रांति आने वाली है ना तो मैंने सोचा शोभा और प्राची के लिए कुछ लड्डू बना दूं, उन्हें भेजवा दूं।' सास ने बताया।

'मां जी, आपको पता है, आजकल देसी घी कितना महंगा हो गया है... वैसे भी दीदी के घर बाजार से रेवड़ियां और मूंगफली लेकर तो मिहिर हमेशा दे ही आते हैं। नई-नई रीत आप बनाएंगी तो आगे मुझसे तो नहीं निभने वाली। वार-त्यौहार तो आए दिन आते ही रहते हैं, हर रोज इस तरह कढ़ाही चढ़ाकर बैठी रहेंगी तो घर का खर्च कैसे चलेगा?' सिया मुंह बिचका कर बोली।

बहू की बात सुनकर दामिनी के हाथ वहीं के वहीं रुक गए। ऐसा लग रहा था, उनके हाथों में जान ही नहीं है। घर खर्च कैसे चलता है उन्हें भी पता था, लेकिन आज वह खुद को बहुत मजबूर समझ रही थीं। वह सोचती हैं, 'शायद ठीक ही तो बोल रही थी बहू, पति के जाने के बाद सारी जिम्मेदारी बेटा निभा रहा है। बहू को भी हक है ना हिसाब रखने का।'

दामिनी जी ने भी अपने बच्चों को काफी तकलीफों से पाला था। दो बेटियों और एक बेटे के साथ उनकी गृहस्थी चल रही थी। कमाई कम थी, लेकिन कभी अपने बच्चों का मन नहीं मारा था। उस वक्त बाहर से खाने की चीजें घर पर कम ही आती थीं, इसलिए दामिनी घर पर ही सबकी पसंद का कुछ ना कुछ बना लेती थीं। धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो रही थी। बेटा मिहिर भी अब अपनी पढ़ाई पूरी करके नौकरी पर लग गया था। घर खर्च के साथ बचत भी होने लगी थी। बच्चों की शादी भी अच्छे से हो गई। सभी अपनी-अपनी गृहस्थी में खुश थे। कई वर्षों तक सब कुछ अच्छा चलता रहा कि तभी दामिनी के पति उनका साथ हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। उनके जाने के बाद दामिनी अब अपने बच्चों के सहारे ही अपनी जिंदगी काट रही थीं। उन्होंने कभी अपनी इच्छाओं का बोझ अपने बेटे-बहू पर नहीं डाला, लेकिन ससुर के जाने के बाद सिया की नजरों में दामिनी जी केवल घर में रखे सामान की तरह हो गई थीं, जिसे घर में जगह तो मिलती है लेकिन अधिकार नहीं।

वैसे तो दामिनी जी कुछ नहीं कहती थीं, लेकिन अपनी बेटियों की पसंद का ध्यान तो मां को रहता ही है, इसलिए वो आज अपने बच्चों के लिए लड्डू बनाने के लिए रसोई में पहुंच गई थीं। बहू की बातें सुनकर वो रसोई से निकल आईं। आंखों से आंसू तो नहीं टपके, लेकिन मन बहुत आहत था। सिया माथे पर त्यौरियां लिए रसोई में आई, देखा घी में बेसन भुन चुका था। उसने लड्डू बांधे और डब्बे में भरकर ऊपर रख दिए। चार दिन बाद ही सिया अपनी मां से बात कर रही थी, 'मां भइया कब आएंगे त्यौहार का शगुन लेकर?' सिया ने अपनी मां से पूछा।

'बेटा, तेरा भाई बोल रहा था अभी टाइम नहीं है। दो-चार दिनों में उधर जाना हुआ तो दे आऊंगा।' मां ने कहा।

'मां, पहले तुम मेवे की जो पिन्नियां बनाती थीं, इस बार वो बनाकर जरूर भेजना। बहुत दिन हो गए तुम्हारे हाथ की पिन्नी खाए।' सिया मचलते हुए बोली।

'ठीक है बेटा, देखती हूं..।' कहकर सिया की मां ने फोन रख दिया।

दो दिनों बाद सिया का भाई आया। एक थैले में कुछ सामान था, बहन को पकड़ाया बोला, 'सिया मुझे कहीं जाना है। आजकल वक्त नहीं मिलता कहीं आने-जाने का। मां बार-बार बोली तो आना पड़ा।'

'भाई, थोड़ी देर तो बैठ जाओ तुम्हारे जीजा जी आते ही होंगे ऑफिस से, उनसे मिलकर चले जाना।' सिया बोली। 'नहीं सिया, उनसे फिर कभी मिल लूंगा।' कहकर सिया का भाई चला गया।

सिया ने थैला खोलकर देखा, उसमें एक साड़ी और रेवड़ी, मूंगफली थी। पिन्नियों का डब्बा तो नहीं था, जो सिया ने अपनी मां से बनाने को कहा था। थोड़ी देर में सिया ने अपनी मां को फोन किया, 'मां तुम पिन्नियां डालना भूल गईं क्या?'

'बेटी... वो मैंने कहा था तेरी भाभी से कि विनय को बोल दे पिन्नी बनाने का सामान लाने के लिए... लेकिन...।' 'लेकिन क्या मां?' सिया ने पूछा।

'वो बोली कि सारी जिंदगी क्या बेटी को देती ही रहेंगी... इतना सामान क्या, ऐसे ही आता है? पता है मेवे कितने महंगे हो गए हैं?' कहते-कहते सिया की मां का गला रूंध गया।

मां की बात सुनकर सिया के कान भी सुन्न पड़ गए। उसके दिमाग में अपनी कही बात गूंजने लगीं, जो उसने अपनी सास से कही थी, 'पता भी है देसी घी कितना महंगा हो गया है?'

सिया ने कांपते हाथों से फोन रख दिया। अगले दिन जब मिहिर अपनी बहनों शोभा और प्राची के यहां शगुन देने जा रहा था तो सिया ने दो डिब्बों में लड्डू भी भर दिए। दामिनी ने सिया की ओर देखा तो उसकी नजरें शर्मिंदगी से झुक गईं, लेकिन मुंह से शब्द नहीं निकल पाए। बस मिहिर से इतना ही कहा, 'दीदी से कहना, मां ने लड्डू भेजे हैं।' *